दैनिक नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रांची, शनिवार, 02 नवंबर 2019 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, विक्रम संवत-2075, वर्ष-04, अंक-131, पृष्ठ-12, मूल्य-3.00, | रांची (झारखंड), बिलासपुर-रायपुर (छत्तीसगढ़) एवं भोपाल (मध्यप्रदेश) से एक साथ प्रकाशित

न्यूज गैलरी

पाकिस्तानियों को कश्मीर नहीं महंगाई की चिंता सता रही : सर्वेक्षण

इस्लामाबाद : पाकिस्तान की जनता को कश्मीर की नहीं बल्कि सबसे ज्यादा चिंता आसमान छूती महंगाई और बेरोजगारी सता रही है। गलप इंटरनेशनल ने आर्थिक संकट से जूझ रहे देश के सभी चार प्रांतों में एक सर्वेक्षण करवाया है जिसमें यह पता चला है। गलप एंड गिलानी पाकिस्तान की ओर से किया गया यह अध्ययन मंगलवार को प्रकाशित हुआ। इसमें बताया गया कि अध्ययन में शामिल 53 फीसदी लोगों का मानना है कि देश के सामने सबसे बड़ी समस्या अर्थव्यवस्था और बढ़ती महंगाई है। सर्वेक्षण के मुताबिक महंगाई के बाद 23 फीसदी लोगों ने बेरोजगारी, चार फीसदी ने भ्रष्टाचार और चार फीसदी ने जल संकट को चिंता का विषय बताया। पाकिस्तान सरकार कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के लिए जहां हर संभव प्रयास कर रही है, वहीं सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से महज आठ फीसदी ने कश्मीर मुद्दे का नाम लिया। सर्वेक्षण में लोगों ने राजनीतिक अस्थिरता, बिजली का संकट, डेंगू तथा अन्य मुद्दों का भी नाम लिया। सर्वेक्षण के लिए बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और सिंध के लोगों से बात की गयी। बीते कुछ वर्षों से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था संकट में है। जुलाई में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा था कि पाकिस्तान कमजोर और असंतुलित विकास के कारण ऊंखनीय आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है और देश की अर्थव्यवस्था इस अवस्था में है कि उसे सुधार की दिशा में महत्वाकांक्षी तथा बड़े कदम उठाने की जरूरत है।

प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हुए कप्तान रोहित शर्मा

नई दिल्ली भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को बांग्लादेश के खिलाफ तीन नवंबर को होने वाले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की तैयारियों के लिये शुक्रवार को थ्रोडाउन करते हुए गेंद बायीं जांघ पर लग गयी जिससे उन्हें नेट सत्र छोड़कर जाना पड़ा। विराट कोहली की अनुपस्थिति में रोहित तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में टीम की अगुआई करेंगे। उन्हें यह गेंद नेट सत्र के शुरू में ही लग गयी। कुछ थ्रोडाउन के बाद एक तेज गेंद उनकी बायीं जांघ पर लग गयी। वह तुरंत ही नेट सत्र को छोड़कर चले गये और यह दिख रहा था कि जिस तेजी से थ्रोडाउन गेंद उनकी ओर आयी थी, वह उससे खुश नहीं थे। भारतीय टीम ने बायें हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ को रखा है ताकि खिलाड़ी प्रतिद्वंद्वी टीम के बायें हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान का सामना अच्छी तरह कर सकें।

शुभकामनाएं

छठ पर्व के अवसर पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभेच्छुओं एवं हॉकर बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

सूचना

छठ पर्व के अवसर पर 02 नवंबर को नव प्रदेश का कार्यालय बंद रहेगा अतः अखबार का अगला अंक 04 नवंबर को प्रकाशित होगा

झारखंड में 30 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच 5 चरण में मतदान, 23 दिसंबर को नतीजे

झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2020 को खत्म होगा; कुल 81 सीटें, बहुमत के लिए 41 का आंकड़ा जरूरी

झारखंड में 30 नवंबर, 7 दिसंबर, 12 दिसंबर, 16 दिसंबर और 20 दिसंबर को वोटिंग

राज्य में भाजपा-आजसू की गठबंधन सरकार; भाजपा के खिलाफ झामुमो, कांग्रेस, राजद और वामदलों ने महागठबंधन किया

नई दिल्ली : चुनाव आयोग ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। 30 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच 5 चरणों में मतदान होगा। नतीजे 23 दिसंबर को आएंगे। पिछली बार भी राज्य में पांच चरण में मतदान हुआ था। 81 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2020 को खत्म हो रहा है। राज्य में अभी भाजपा और आजसू (ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन) की गठबंधन सरकार है। रघुवर दास मुख्यमंत्री हैं। बहुमत के लिए 41 का आंकड़ा जरूरी है। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 37 और आजसू को 5 सीटें मिली थीं। बाद में झारखंड विकास मोर्चा के 6 विधायक भाजपा में शामिल हो गए। अभी भाजपा के पास 43 विधायक हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने बताया कि राज्य के 90 जिलों में से 19 नक्सल प्रभावित हैं। इनमें से 13 बुरी तरह वामपंथ कट्टरवाद से घिरे हैं। 81 विधानसभा सीटों में से 67 नक्सल प्रभावित हैं। लोकसभा चुनाव के बाद कुछ नियमों को संशोधित किया गया है। शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को पोस्टल बैलट की सुविधा दी जाएगी। आवश्यक सेवाओं और बुजुर्गों को भी पोस्टल बैलट की सुविधा मिलेगी। जब तक दिल्ली चुनाव आएंगे तब तक सभी आवश्यक सेवाओं के कर्मचारियों के लिए भी पोस्टल बैलट की सुविधा देंगे।

भाजपा के खिलाफ झामुमो का महागठबंधन : भाजपा-आजसू के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाला महागठबंधन चुनाव लड़ेगा। झामुमो 43 से 45, कांग्रेस 25 से 27, राजद और लेफ्ट 5-5 सीटों पर चुनाव लड़ सकता है। झारखंड विकास मोर्चा (झाविमो) इस महागठबंधन से अभी बाहर है। इसकी वजह यह है कि झाविमो नेता बाबूलाल मरांडी किसी भी कीमत पर झामुमो नेता हेमंत सोरेन को महागठबंधन का नेता मानने को तैयार नहीं हैं। मरांडी अपनी पार्टी के लिए कम से कम 22 सीटें चाहते थे। लेकिन झामुमो और कांग्रेस उन्हें 10 से 12 सीटें देने को ही तैयार थी। इसके चलते झाविमो ने सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारने का ऐलान कर दिया है।

झारखंड विधानसभा चुनाव में 2,26,17,612 मतदाता राज्य के 81 विधायक चुनेंगे। राज्य में कुल 1,18,16,098 पुरुष वोटर हैं। वहीं, महिला मतदाताओं की संख्या 1,08,01,274 है। 240 मतदाता थर्ड जेंडर के हैं। जनवरी-2019 में जारी मतदाता सूची के अनुसार राज्य में जहां कुल वोटर 2,19,81,172 थे, वहीं आठ माह में यह संख्या 6 लाख 36 हजार बढ़ी है।

राज्य की 14 में से 11 लोकसभा सीटें भाजपा के पास : 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से 11 सीटें भाजपा को मिली थीं। 1 सीट भाजपा की सहयोगी आजसू को मिली थी। झामुमो और कांग्रेस के हिस्से 1-1 सीट आई थी।

चरण	सीटें	मतदान
1	13	30 नवंबर
2	20	07 दिसंबर
3	17	12 दिसंबर
4	15	16 दिसंबर
5	16	20 दिसंबर

शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को पोस्टल बैलट की सुविधा दी जाएगी। आवश्यक सेवाओं और बुजुर्गों को भी पोस्टल बैलट की सुविधा मिलेगी।

नतीजे : 23 दिसंबर

पहला चरण

सीटें : 13

नोटिफिकेशन : 6 नवंबर

नामांकन की आखिरी तारीख : 13 नवंबर

स्क्रूटनी : 14 नवंबर

नाम वापसी आखिरी तारीख :16 नवंबर

मतदान की तारीख : 30 नवंबर

दूसरा चरण

सीटें : 20

नोटिफिकेशन : 11 नवंबर

नामांकन की आखिरी तारीख : 18 नवंबर

स्क्रूटनी :19 नवंबर

नाम वापसी आखिरी तारीख : 21 नवंबर

मतदान की तारीख : 7 दिसंबर

तीसरा चरण

सीटें : 17

नोटिफिकेशन : 16 नवंबर

नामांकन की आखिरी तारीख : 25 नवंबर

स्क्रूटनी : 26 नवंबर

नाम वापसी आखिरी तारीख : 28 नवंबर

मतदान की तारीख : 12 दिसंबर

चौथा चरण

सीटें :15

नोटिफिकेशन : 22 नवंबर

नामांकन की आखिरी तारीख : 29 नवंबर

स्क्रूटनी : 30 नवंबर

नाम वापसी आखिरी तारीख : 2 दिसंबर

मतदान तारीख : 16 दिसंबर

पांचवां चरण

सीटें : 16

नोटिफिकेशन : 26 नवंबर

नामांकन की आखिरी तारीख : 3 दिसंबर

स्क्रूटनी : 4 दिसंबर

नाम वापसी आखिरी तारीख : 6 दिसंबर

मतदान की तारीख : 20 दिसंबर

दिल्ली में हेल्थ इमरजेंसी घोषित, 5 नवंबर तक सभी स्कूल बंद

नई दिल्ली : दिवाली के अगले दिन (28 अक्टूबर) से दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर के शहरों गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद और सोनीपत वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार खतरनाक बना हुआ है। एयर क्वॉलिटी इंडेक्स के मुताबिक, दिल्ली में पीएम 2.5 और पीएम 10 दोनों की 500 के पार चला गया है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। वहीं, वायु प्रदूषण पर नजर रखने के साथ आंकड़े पेश करने वाले संस्थान एयर विजुअल के अनुसार, दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषण शहरों की सूची में भारत की राजधानी दिल्ली पहले स्थान पर है।

वहीं, दिल्ली-एनसीआर में लगातार जहरीली हो रही हवा के मद्देनजर पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम व नियंत्रण) प्राधिकरण ने बड़ा फैसला लेते हुए पांच नवंबर तक सभी तरह के निर्माण कार्यों पर रोक लगाने का एलान किया है। ईपीसीए के मुताबिक, हवा में प्रदूषण की मात्रा खतरनाक स्थित में पहुंचने के साथ यह पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी की तरह है और इसका प्रभाव बच्चों पर ज्यादा पड़ रहा है। इसी के साथ ईपीसीए ने पूरी सर्दी के मौसम के दौरान दिल्ली-एनसीआर में पटाखे फोड़ना प्रतिबंधित कर दिया है।

प्रदूषण पर बोले केजरीवाल, दिल्ली वालों को गाली देना बंद करे विपक्ष

नई दिल्ली : दिल्ली एनसीआर में खतरनातक स्तर पर पहुंचे प्रदूषण ने राजधानी में लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ऐसे में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं। उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि दिल्ली में प्रदूषण ज्यादा हो गया है। हर तरफ धुंआ ही धुंआ है। पर लोग पूछ रहे हैं कि पराली इसका कारण कैसे है। मैं दो तस्वीर दिखता हूं। 30 सितंबर की तस्वीर

में नीला आसमान था। आज आसमान काला है। जो पराली को नही मानते है वो बताएं कि एक महीने में क्या बदल गया। दिल्ली की सेहत को लेकर मैं चिंतित हूं। केजरीवाल ने कहा कि प्रदूषण को दूर करने के लिए हम पूरी कोशिश कर रहे हैं। मगर विपक्ष के लोग जो दिल्ली वालों को गाली दे रहे हैं वो ठीक नहीं है। एक नेता उपवास पर बैठे हैं, दिल्ली कि जनता का उपहास कर रहे हैं। उनसे निवेदन है कि वो दिल्ली के लोगों को गाली न दें। केजरीवाल ने कहा कि अब सोमवार से हम ऑड-इवन लागू करने जा रहे हैं। कोई भी बदलाव तुरंत नही आता है।

किसी तानाशाह के आगे नहीं झुकेंगे : बिलावल

इस्लामाबाद : पाकिस्तान पिपुल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने शुक्रवार को पेशावर में विपक्षी पार्टियों द्वारा निकाले जा रहे सरकार विरोधी आजादी मार्च में हिस्सा लिया। बिलावल ने इस मौके पर लोगों से कहा, ''हम किसी भी चयनकर्ता या तानाशाह के आगे झुकने के लिए तैयार नहीं हैं। सत्ता का केंद्र जनता है, सरकार नहीं।'' उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को कठपुतली बताया।

बिलावल ने कहा, ''सभी विपक्षी पार्टियां प्रधानमंत्री को यह स्पष्ट देने के लिए एक मंच पर जुटी है कि उनके पद छोड़ने का समय आ गया है।'' पाकिस्तान में कवीब एक साल से इमरान का विरोध हो रहा है। विपक्षी पार्टियां उनके इस्तीफे की मांग कर रही है। हालांकि, इमरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वे प्रधानमंत्री पद नहीं छोड़ेंगे। न्यूज एजेंसी के अनुसार आजादी मार्च को जमीयत उलेमा-ए- इस्लाम फज्ल (जेयूआईएफ), पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और आवामी नेशनल पार्टी (एएनपी) ने समर्थन दिया है। यह रैली 27 अक्टूबर को जेयूआईएफ के अध्यक्ष फजलुर रहमान ने कराची से शुरू की थी।

बांग्लादेश के कोच ने कहा- स्थिति अनुकूल नहीं, लेकिन कोई मरेगा भी नहीं

नई दिल्ली : दिल्ली में प्रदूषण गंभीर स्तर पर है। इस दौरान भारत-बांग्लादेश के बीच तीन टी-20 की सीरीज का पहला मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 3 नवंबर को होना है। इस पर बांग्लादेश के कोच रसेल डोमिंगो ने कहा है कि यहां की पर्यावरण स्थिति अनुकूल नहीं है, लेकिन कोई मरेगा भी नहीं। उनका यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि बांग्लादेश के कुछ खिलाड़ी दो दिन से मास्क लगाकर मैच का अभ्यास कर रहे हैं। गौतम गंभीर समेत कई लोगों ने मैच को दूसरी जगह शिफ्ट करने की बात कही, लेकिन बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इनकार कर दिया।

डोमिंगो ने कहा, ''हम जानते हैं कि पिछली बार श्रीलंकाई टीम को भी वायु प्रदूषण के कारण काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा था, लेकिन यह हमारे लिए कोई चौंकाने वाली बात नहीं है। टी-20 सिर्फ तीन घंटे का खेल है। यह समय आसानी से निकल जाएगा। यहां हवा की स्थिति बेहतर नहीं है। लेकिन जैसा भी मौसम होगा, वह दोनों ही टीमों के लिए समान रहेगा।''

आखिरी पलों में मैच रद्द नहीं कर सकते : गांगुली- बांग्लादेशी खिलाड़ी अल अमीन, अबु हैदर रॉनी के अलावा टीम के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार डेनियल विटोरी ने शुक्रवार को मास्क पहनकर अभ्यास किया। गुरुवार को बांग्लादेश के लिटन दास ने भी मास्क लगाकर प्रैक्टिस की थी। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर कह चुके हैं कि जब तक प्रदूषण की स्थिति नियंत्रण में न आए, यहां कोई भी मैच नहीं होना चाहिए।

अगर शिवसेना चाहे तो बहुमत जुटाकर सरकार बना सकती है : संजय राउत

मुंबई : महाराष्ट्र में सरकार के गठन को लेकर भाजपा और शिवसेना के बीच तनातनी जारी है। शुक्रवार को एक बार फिर से शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा, ''अगर शिवसेना ने निर्णय कर लिया तो महाराष्ट्र में स्थायी सरकार गठन के लिए बहुमत जुटा सकती है।''

उन्होंने यह भी कहा, ''राज्य की जनता चाहती है कि जो भाजपा-शिवसेना के बीच 50-50 का फॉर्मूला तय हुआ था, उसी पर बात आगे बढ़ी। अगर ऐसा नहीं होता तो फिर उद्धव जी और हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचता।''

शिवसेना भाजपा को कोई अल्टीमेटम नहीं देना चाहती : राउत राउत ने कहा, ''हर पार्टी की अपनी-अपनी सोच होती है। कांग्रेस जिस प्रकार की राजनीति करती आई है, वह भी नहीं चाहेगी

कि सत्ता भाजपा के पास आ जाए। हमारी कोई चर्चा उनसे नहीं हुई। लेकिन शिवसेना चाहे तो बहुमत जुटा सकती है।''

''अगर उद्धव जी ने कहा है कि राज्य का मुख्यमंत्री शिवसेना का होगा तो वह जरूर होगा। अगर हम चाहें तो दो-तिहाई बहुमत से सरकार बना सकते हैं। हम कहेंगे कि अगर आपके पास (भाजपा) बहुमत नहीं है तो सरकार बनाने की हिम्मत न करें।''

''हम व्यापारी नहीं हैं, इसलिए हम व्यापार की बात नहीं करते। जिसके पास बहुमत है, वे सरकार बनाएं। वे सबसे बड़ी पार्टी हैं। अगर वे दावा पेश करते हैं या राज्यपाल उन्हें बुलाते हैं तो यह उनका लुकआउट है।''

''शिवसेना भाजपा को कोई अल्टीमेटम नहीं देना चाहती। वह बड़ी पार्टी है, पूरी दुनिया में उनके लोग हैं। हम बहुत छोटी पार्टी हैं और सिर्फ महाराष्ट्र की बात करते हैं।''

राउत ने ट्वीट कर निशाना साधा : हालांकि, मीडिया से बातचीत से उन्होंने यह कहा कि यह ट्वीट किसी पार्टी के लिए नहीं, बल्कि यह सभी के लिए है। मैंने किसी पार्टी का नाम उसमें नहीं लिखा।

शरद पवार से राउत ने की थी मुलाकात : इससे पहले गुरुवार शाम को संजय राउत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी। इसके बाद से राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई कि राज्य में सरकार गठन में राकांपा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। राउत के मुलाकात के बाद शरद पवार के आवास पर राकांपा नेताओं की बैठक भी हुई। इसमें सुप्रिया सुले, धनंजय मुंडे और अजित पवार शामिल हुए। हालांकि, इस बैठक के बाद पार्टी की ओर से बयान दिया गया कि हमें विपक्ष में बैठने के लिए जनादेश मिला है।

मुख्यमंत्री तो देवेंद्र फडणवीस ही होंगे : भाजपा नेता - इधर, भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार ने एक चैनल से बातचीत में कहा, राज्य का मुख्यमंत्री उनका होगा। यह शिवसेना की इच्छा है। हर व्यक्ति अपनी इच्छा रख सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि दीपावली की छुट्टियों के दौरान सरकार गठन को लेकर शिवसेना से चर्चा में देरी हुई। मुख्यमंत्री तो देवेंद्र फडणवीस ही होंगे। चर्चा इसके अलावा होनी है। सत्ता को लेकर 50-50 का फॉर्मूला सिर्फ मीडिया में आया है। हमारे बीच ऐसी कोई बात नहीं हुई थी।''

भारत-जर्मनी में 11 क्षेत्रों में करार, मोदी बोले- आतंकवाद से लड़ाई में सहयोग को मजबूती देंगे

नई दिल्ली : जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल ने शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 5वीं भारत-जर्मनी इंटर-गवर्मेंट कंसल्टेशन (आईजीसी) में हिस्सा लिया। इसमें भारत और जर्मनी के बीच पांच क्षेत्रों में साझा सहयोग के समझौतों पर दस्तखत हुए। इनमें अंतरिक्ष, उड्डयन, नौसैन्य तकनीक, चिकित्सा और शिक्षा समेत 11 क्षेत्रों में सहयोग की सहमति बनी।

चांसलर मर्केल ने कहा- हम चाहते हैं कि स्थिर विकास और जलवायु सुरक्षा के लिए दोनों देश साथ में गंभीरता से लंबे समय तक काम करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हम आतंक के खिलाफ लड़ाई में अपने द्विपक्षीय रिश्तों और सहयोग को और भी ज्यादा मजबूत करेंगे।

दोनों देशों के रिश्ते लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित : मोदी - मोदी ने कहा- हम दोनों देशों के रिश्ते लोकतांत्रिक और कानून पर आधारित हैं। यही कारण है कि दुनिया के बड़े और गंभीर मामलों पर हमारे विचार एक से हैं। उन्होंने कहा- हम आभारी हैं कि जर्मनी ने निर्यात नियंत्रण क्षेत्र में भारत की सदस्यता का समर्थन किया है। दोनों देश इन प्रयासों को जारी रखेंगे ताकि आपसी सहयोग बना रहे।

हमारी इच्छा है ज्यादा भारतीय छात्र जर्मनी आएं : मर्केल- इससे पहले मर्केल ने कहा- जर्मनी में 20 हजार भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं। हमारी इच्छा है कि यह संख्या और बढ़े। हम चाहते हैं कि वोकेशनल ट्रेनिंग के लिए टीचर्स एक्सचेंज प्रोग्राम भी शुरू हो।वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत और जर्मनी का फोकस नई और एडवांस तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्किल्स, एजुकेशन और साथवर सिक्योरिटी जैसे मामलों पर सहयोग बढ़ाने पर है।

हैदराबाद हाउस में बैठक हुई : इससे पहले भारत और जर्मनी के अफसरों के बीच डेलिगेशन स्तर की वार्ता हुई। राष्ट्रपति भवन में चांसलर मर्केल का औपचारिक स्वागत हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद उनसे मिलने पहुंचे। मर्केल ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

दो दिनों के भारत दौरे पर हैं मर्केल : यहां भारत-जर्मनी संबंधों की अहमियत पर मर्केल ने कहा- दोनों देशों के बीच काफी करीबी रिश्ता है। हमारे मन में इस देश की विविधता के प्रति गहरा सम्मान है। मर्केल ने बताया कि वे और प्रधानमंत्री मोदी बैठक के दौरान कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। मर्केल दो दिनों के भारत दौरे पर हैं। इससे पहले मर्केल गुरुवार देर रात ही दिल्ली पहुंचीं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उनका और जर्मन डेलिगेशन का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार के मुताबिक, मोदी और मर्केल के बीच यह एक साल में पांचवीं मुलाकात है।

जमशेदपुर को पाइपलाइन से घर-घर गैस आपूर्ति का मिला उपहार : रघुवर

जमशेदपुर। केंद्र और राज्य सरकार का सपना है। ईज ऑफ लाइफ के तहत जनता तक सीधे सुविधा पहुंचे। उसी निमित आज जमशेदपुर शहरी गैस पाइप लाइन आपूर्ति योजना का शुभारंभ हुआ। यह योजना गांव तक जाएगी, जिस तरह लोगों को घरों में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पेयजल की आपूर्ति की जाती है। उस तरह गैस की आपूर्ति को भी सुनिश्चित करने की हमारी परिकल्पना अब यथार्थ रूप ले रही है। इससे पूर्व रांची में योजना का शुभारंभ हो चुका है। आने वाले दिनों में सिलेंडर की जरूरत लोगों को नहीं होगी। क्योंकि घर-घर पाइपलाइन के माध्यम से गैस की आपूर्ति को हम सुनिश्चित करेंगे। आज यहां से 811 करोड़ रुपये की योजना का शुभारंभ हो रहा है। बरही में गैस बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखी गई, इससे क्षेत्र में अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा। योजना के तहत 161 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है। केंद्र और राज्य सरकार लगातार 2014 से पूर्व की स्थिति में बदलाव लाने का प्रयास कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में शहरी गैस वितरण परियोजना के उद्घाटन, पुरुलिया जमशेदपुर नेचुरल गैस पाइपलाइन

योजना के कार्य प्रारंभ एवं बरही स्थित एचपीसीएल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम में कही। दास ने कहा कि गैस आपूर्ति योजना पेट्रोलियम मंत्रालय की विभिन्न परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार ने त्वरित गति से जमीन उपलब्ध कराते हुए योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान करने में अपना भरपूर सहयोग दिया है जिसका परिणाम अब हमारे सामने परिलक्षित हो रहा है और हम इसके गवाह बन रहे हैं।

चूल्हा और रिफिल में उपलब्ध कराया जा रहा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और राज्य की जनता को प्रदूषण रहित ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य उज्ज्वला योजना के तहत अब तक 8 करोड़ लोगों को योजना से लाभान्वित किया गया। झारखंड में 40 लाख परिवारों को योजना का लाभ मिला। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जो योजना के तहत चूल्हा व रिफिल भी मुफ्त उपलब्ध कराता है। केंद्र और राज्य सरकार से यहां के लोगों को डबल फायदा मिल रहा है। राज्य के 35 किसान भी डबल फायदा से आच्छादित हैं।

केंद्र सरकार ने पूर्वी भारत को बदलने का लिया है संकल्प

केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य अर्जुन मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्वी भारत को बदलने का संकल्प लिया है। 2019 से 2024 का संकल्प नए भारत गढ़ने का है। हम सब मिलकर इस संकल्प को पूरा करेंगे। हम अपनी विशेषताओं के बल पर विश्व के अग्रणी राष्ट्र के रूप में खुद को स्थापित करने का प्रयास करेंगे। आज जमशेदपुर के लोगों को बड़ा लाभ प्राप्त हुआ है। गैस पाइपलाइन के माध्यम से जमशेदपुर के मारगो, सोनारी क्षेत्र में लोगों को गैस उपलब्ध होगा। अब शहर के साथ-साथ गांव को भी इन योजनाओं से जोड़ने की परिकल्पना को साकार रूप दिया जाएगा। इससे समय, ईंधन और राशि की बचत भी होगी। क्योंकि प्रत्येक परिवार के जीवन में दो चीजें जरूरी है खुशी और आयु। अगर हमें प्रदूषण रहित ईंधन प्राप्त होगा तो हमारा स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सरकार की प्रतिबद्धता जनता से जुड़े मामलों को यथाशीघ्र धरातल पर उतारना है। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया गया है। हर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नए कार्य प्रारंभ किए गए हैं।

आधुनिक जमशेदपुर बनाया जाए इसकी कोशिश की गई

केंद्रीय मंत्री पेट्रोलियमएवं प्राकृतिक गैस एवं इस्पात धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जमशेदपुर की पहचान औद्योगिक केंद्र के रूप में है। सरकार ने इसे और आधुनिक बनाने का प्रयास किया है। आज पाइपलाइन के माध्यम से घरेलू ईंधन पहुंचाने का शुभारंभ हुआ। पूर्वी सिंहभूमिए पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां में भी गैस पाइपलाइन के माध्यम से गैस की आपूर्ति की जाएगी। ऑटो, छोटे वाहनए बसों में सीएनजी के उपयोग से एक स्वच्छ और प्रदूषण रहित ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की गई। यह सस्ता है। एक ऑटो चालक सीएनजी के माध्यम से 3 से 5 हजार रुपये की बचत कर सकता है। इस बचत से उसे बड़ी राहत मिलेगी। जमशेदपुर आधुनिक व्यवस्था से जुड़े क्या हमारा लक्ष्य ऊर्जा गंगा परियोजना के तहत 50 साल में जो नहीं हुआ वह अब होगा। झारखंड अपार संभावना का क्षेत्र है। इसकी संभावनाओं को तलाशने का प्रयास 2014 के बाद से हुआ है। केंद्र सरकार पूर्वी भारत के विकास को प्राथमिकता दे रही है। आधारभूत संरचना हो या लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की बात। इन सब का एक बड़ा हिस्सा पूर्वी भारत को मिल रहा है।

इस अवसर पर खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सरयू राय, जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो, पोटका विधायक मेनका सरदार, विधायक घाटशिला लक्ष्मण टुडू, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कल्याणी शरण, सीएमडी गेल आशुतोष कर्नाटक, उपायुक्त जमशेदपुर रविशंकर शुक्ला, वरीय आरक्षी अधीक्षक अनूप बिरथरे, गेल के पदाधिकारी, एचपीसीएल के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाई ट्रक में आग

रांची। रांची-पतरातू मार्ग पर नगड़ी थाना क्षेत्र के जतरा टाड़ के समीप शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त चामा निवासी जोसेफ खलखो के पुत्र रोहित खलखो के रूप में की गयी है।

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर बैठ कर जाम कर दी

बताया गया कि जतराटाड़ स्थित जतरा के बाद रोहित सुबह अपनी बाइक से घर के लिए निकला। तभी जतरा टाड़ के पास हाईवा ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे में रोहित की घटनास्थल पर ही मौत हो गई

आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवा ट्रक को आग का लगा दी और रांची-पतरातू मार्ग को जाम कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया तब जाम समाप्त हुआ।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

रांची में धौनी ने दिया अपने फैन की बाइक पर ऑटोग्राफ

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने फैन की बाइक पर रांची में ऑटोग्राफ दिया और अपने असली स्वभाव का परिचय दिया है। गौरतलब है कि धौनी इन दिनों रांची में ही हैं और छुट्टी लगातार ही जा रहे हैं।

आने-जाने के क्रम में एक फैन ने उन्हें रोक लिया और फिर अपनी बाइक पर ही आटोग्राफ देने की रिक्वेस्ट की। क्या था फिर अपने माही ने फैन की मांग को नजर अंदाज नहीं किया और देखते ही देखते एक आटोग्राफ उनके बाइक पर दे डाली, और अपने फैन को खुश कर दिया।

मतदाता सूची पुनरीक्षण सर्वे के लिए 40 टीमें रवाना

रांची। उपायुक्त राय महिमापत रे ने शुक्रवार को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के पदाधिकारियों और स्वीप के वरीय पदाधिकारी के साथ सर्वे करने वाली 40 टीमों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

रांची जिला प्रशासन इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के सहयोग से यह सर्वे करवा रहा है। यह टीमें रांची में घर-घर पहुंचेगी जो रसोई गैस के सुरक्षित इस्तेमाल से जुड़ी जानकारियां देने और उपभोक्ताओं को उनके अधिकार बताने के साथ-साथ स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में भी सहयोग करेगी।

लोकतंत्र में सभी को वोट डालने का अधिकार मिले

उपायुक्त रे ने कहा कि टीम के

सदस्यों का काम काफी महत्वपूर्ण है, लोकतंत्र में सभी को वोट डालने का अधिकार मिले। इसके लिए जिला प्रशासन लोगों को जागरूक करनेका प्रयास कर रहा है।

उपायुक्त ने बताया कि टीम के सदस्य मतदाताओं से संपर्क कर जानकारी एकत्र करेंगे और जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है उनका फार्म भरवाकर समय रहते मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज किया जायेगा। इस अवसर पर आइओसीएल के चीफ एरिया मैनेजर रमेश कुमार, चीफ मैनेजर हरि दीपक, प्रबंधक नंदलाल कुशवाहा, वितरक रवि भट्ट, एसएन सिंह, आलोक सिंह, वीरेन्द्र कुमार, अजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नगर आयुक्त से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

रांची। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राजधानी रांची के छठ घाटों की साफ-सफाई को लेकर रांची नगर निगम के आयुक्त मनोज कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त से मांग की है कि राजधानी के सभी छठ घाटों की सफाई की मुकम्मल व्यवस्था की जाए।

जतराटांड, कोकर, बाड़ा तालाब, छप्पन सेट, डोरंडा, घाघरा, नामकोम, स्वर्णरेखा नदी, बटम तालाब डोरडा, बिधानगर, हरमू कडरू, हटिया, हीनू, कैलाश नगर, किशोरगंज, मधुकम, रातू रोड नदियों की स्थिति अभी भी छठव्रतियों के अनुकूल नहीं है। उसे ठीक करने की आवश्यकता है। सभी छठघाटों पर ब्लीचिंग पाउडर की कंजूसी किये बगैर अधिक से अधिक मात्रा में डाली जाए। सभी छठ घाटों पर एनडीआरएफ की टीम उपलब्ध कराई जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। विधि व्यवस्था, सुरक्षा एवं बिजली की मुकम्मल व्यवस्था कराई जाए। कांग्रेस नेताओं ने चलंत स्वास्थ्य केन्द्र को भी हर घाटों पर उपलब्ध कराने की मांग की है। नगर निगम आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि अभी भी 35 घंटे का समय बचा हुआ है। प्रशासन सभी छठ घाटों को सुरक्षित करेगा। उन्होंने कहा कि अर्घ्य के दिन छठ घाटों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पिछले 19 वर्षों में सीपी सिंह और भाजपा सरकार ने हिन्दू धर्म के नाम पर राजनीति की है। डबल इंजन की सरकार आज तक एक साफ सुरक्षित छठ घाट का निर्माण नहीं कर पाई है। छठ घाटों की सफाई के नाम पर सरकार करोड़ो का घपला करती है। नेताओं ने कहा कि नदियों की सुरक्षा एवं सफाई को लेकर स्थायी समाधान की जरूरत है।

जब छठ पूजा का वक्त आता है तब भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायक, फोटो खिंचवा कर आस्था के ब्योहार से भी खिलवाड़ करने से बाज नहीं आते हैं।

प्रतिनिधिमंडल में प्रवक्ता आलोक कुमार दूबे, शमशेर आलम, लाल किशोर नाथ शाहदेव, एम तौसीफ, कार्यलय सह प्रभारी विनोद सिंह, अजय सिंह, संजय तिवारी, दामोदार राम, संगठन प्रभारी रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, राजेश गुप्ता शामिल थे।

चडरी सरना समिति ने बांटे छठ व्रतियों को सूप-फल

रांची। चडरी सरना समिति ने शुक्रवार को चडरी तालाब के मुख्य द्वार पर छठव्रतियों को सूप एवं फल का वितरण किया। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने बिहार के गंगा घाट से मंगाए गए गंगाजल को चडरी तालाब में प्रवाहित किया।

समिति के मुख्य संरक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा पर हर वर्ष हम लोग गंगाजल इस तालाब में प्रवाहित करते हैं, ताकि जो भी छठव्रती इस

घाट पर पूजा करने आए उन्हें एक सुखद एवं स्वच्छ वातावरण का अनुभव प्राप्त हो।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के पूजा समिति के अध्यक्ष सबलू मुंडा, सागर भगत, रामा मुंडा छोटू, अमन मुंडा, विक्की मुंडा, प्रकाश मुंडा और पुजारी उमाशंकर और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

छठ महापर्व की संपूर्णता माटी की महक से ही संभव : अविनाश

मेदिनीनगर। मेदिनीनगर शहर के कोआॅपरेटिव चौक स्थित माटी कला बोर्ड के कार्यालय में छठव्रतियों के बीच माटी की ढकनी और फलाहार वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष शिवधारी राम और भाजपा नेत्री लवली गुप्ता व माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर शिवधारी राम ने कहा कि भारत की पावन धरती पर सबसे महान पर्व छठ है। छठ पर्व को एक बड़े पर्व के रूप में जाना जाता है। लोग भिखाठन कर के भी छठ पर्व मनाते हैं। भगवान सूर्य की महिमा अपरंपार है। उन्होंने कहा के छठ महापर्व करने से सभी अच्छी इच्छाएं पूरी होती हैं। माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि छठ महापर्व की सम्पूर्णता माटी की महक से ही संभव है। अमीर और गरीब दोनों हर्षोल्लास से छठ महापर्व मनाते हैं और मिट्टी का प्रयोग करते हैं। पालमू को स्वच्छ और समृद्ध बनाने में माटी कला बोर्ड महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

सरकार द्वारा कम्बलों का वितरण

पेटरवार। झारखण्ड सरकार द्वारा उपलब्ध कम्बलों का वितरण पेटरवार पंचायत की मुखिया उषा प्रभात, जिला परिसद सदस्या मंजू कुमारी जैन एवं 20 सूची प्रखंड अध्यक्ष रविशंकर जयसवाल ने संयुक्त रूप से गरीब एवं असहाय लोगों के बीच किया। मौके पर अथितियें ने कहा कि कम्बलों के अभाव कोई गरीब ठंढ के प्रभाव से बचाये जा सकें, इसी निमित पंचायतो में कम्बलों का वितरण निरन्तर किया जा रहा है।

विकास से कोसों दूर है मनातू : लाल सूरज

मेदिनीनगर। पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज में मनातू का दौरा किया। भाजपा नेता ने कहा कि मनातू में आज भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हुआ है।15 सालों के कार्यकाल में बाप बेटा ने पांकी विधानसभा को बर्बाद करने का काम किया है । शिक्षा के क्षेत्र में हो या स्वास्थ्य के क्षेत्र में कहीं भी इस क्षेत्र में विकास नहीं हुआ है। भाजपा नेता ने कहा कि आने वाले समय में मनातू सहित पूरे पांकी विधानसभा में विकास का नया आयाम लिखा जाएगा । लाल सूरज ने कहा कि मनातू आदिवासी, दलित, मुस्लिम ,पिछड़ों का इलाका है। परंतु दुर्भाग्यश इन समाजों को विकास नहीं हो सका। मनातू प्रखंड सहित पांकी विधानसभा में पांकी के विधायक सभी योजनाओं का टेंडर लेने का काम करता है चाहे एक लाख का कार्य हो चाहे वह करोड़ो का का कार्य, चाहे वह विधायक मद की राशि सहित सभी तरह का कार्य अपने या परिवार के नाम से काम होता है, यही कारण है कि जमीनी स्तर पर भी विकास दिखाई नहीं देता है।

नौनिहालों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना व महिला सशक्तिकरण सरकार का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

रांची। झारखंड के नौनिहाल हष्ट पुष्ट हों, उन्हें पौष्टिक भोजन मिले यह राज्य सरकार का लक्ष्य है। साथ ही महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण हो। इस निमित अब आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट की आपूर्ति सखी मंडल की बहने करेंगी। इसका शुभारंभ आज खूंटपानी से हो रहा है। आनेवाले दिनों में पूरे राज्य में यह व्यवस्था लागू की जाएगी। इससे पूर्व रेडी टू ईट की आपूर्ति दिल्ली की एक कंपनी द्वारा किया जाता था। अब सखी मंडल की बहनें इसकी आपूर्ति करेंगी और 500 करोड़ रुपये हमारे झारखंड में ही रहेगा। जो नारी सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगा। ये बातें मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पश्चिमी सिंहभूम के खूंटपानी प्रखंड स्थित कुम्हार टोला में आयोजित जन चौपाल में कही।

400 बच्चों को देंगे मेडिकल व इंजीनियरिंग की कोचिंग

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के 400 बच्चों को चिन्हित कर उन्हें मेडिकल और इंजीनियरिंग की कोचिंग दी जाएगी। ताकि झारखंड के आदिवासीए दलित और वंचित समाज के बच्चे भी उच्च शिक्षा प्राप्त

कर रोजगार से जुड़ सकें। कोल्हान के सभी प्रखंड में कौशल विकास केंद्र खोलने की योजना है। युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से आच्छादित करना है। मैंने भी मजदूरी की है और गरीबी क्या होती है इसका मुझे अनुभव है। आज केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाएं गरीबों के लिए है। सरकार की सोच गरीबों की जिंदगी में बदलाव लाना है। आने वाले दिनों में राज्य के सभी बीपीएल कार्ड धारी परिवार में से एक व्यक्ति को रोजगार व स्वरोजगार उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है।

इस अवसर पर उपायुक्त अरवा राजकमल, पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत माहथाए जिला परिषद अध्यक्षा लालमुनी पूर्ती, उप विकास आयुक्त आदित्य रंजन, अनुमंडल पदाधिकारीए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं जिले के वरीय पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, जवाहर वानरा. पूर्व विधायक उपस्थित थे।

जन चौपाल में मुख्यमंत्री ने सभी की बातों को सुना और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया

मुख्यमंत्री के कुम्हारलोटा आगमन पर सर्वप्रथम ग्राम भ्रमण के साथ विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। ग्राम भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री के द्वारा ग्रामीण लाभार्थियों से बात की। स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित टेक होम राशन सांकेतिक रूप से प्राप्त करने वाले 3 लाभुक कुंती गोप, शीलवती जारीकाए जानवी जारीका

उज्जवला योजना के तहत 3 आंगनवाड़ी केंद्रों को गैस चूल्हा का वितरण।

खूंटपानी प्रखंड अंतर्गत कुम्हारलोटा गांव में जन चौपाल कार्यक्रम के तहत झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री रघुवर दास के कर कमलों से किया गया विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटनध्शिलान्यास

मॉडल आंगनबाडी कुम्हारलोटा का उद्घाटन।

केसा लेकाई के सोंगा जारिका के खेत के आड़ में चेक डैम निर्माण का शिलान्यास।

कुम्हारलोटा के लोटा नाला पुलिया का शिलान्यास।

कुम्हारलोटा के लोटा नाला पर स्नान घाट का शिलान्यास।

आदर्श मध्य विद्यालय कुम्हारलोटा मैदान का गैलरी का शिलान्यास।

कुम्हारलोटा में 14वें वित्त से पेवर ब्लॉक एवं जल मीनार का उद्घाटन।

सामुदायिक शौचालय भवन का शिलान्यास।

मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को ससमय दुरुस्त करने का निर्देश

मेदिनीनगर। विधानसभा चुनाव 2019 के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ. शान्तनु कुमार अग्रहरि एवं पुलिस अधीक्षक अजय लिंडा ने संयुक्त रूप से बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से सभी अनुमंडल पदाधिकारी सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, डीएसपी, एसडीपीओ सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से वलस्टर तथा मतदान केंद्र का सत्यापन, कम्युनिकेशन प्लान, डिस्पैच सेन्टर से मतदान केंद्र का रूट चार्ट, मतदान केंद्र पर एएमएफ की सुविधा, वलस्टर पर वेलफेयर संबंधित सुविधा के बारे में प्रखंडवार समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की पूरी जिम्मेदारी है कि चुनाव कार्य को सुगमतापूर्वक संपन्न कराएं। चुनाव के पूर्व मूलभूत आवश्यकता तथा उच्च अधिकारियों द्वारा मांगी गई जानकारियों को निर्धारित समय सीमा में भेजें। उपायुक्त ने कहा कि इस बार वलस्टर में गड़ा, तंकिया, अलाव, मल्टीपिन सर्किट, टोर्चके साथ बैटरी की भी व्यवस्था की जाएगी।इसके अलावा उन्होंने सभी वलस्टर और मतदान केंद्रों में सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था के साथ सभी मूलभूत सुविधा सभी केंद्रों पर ससमय दुरुस्त कर लेने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक अजय लिंडा ने पुलिसकर्मियों को चुनाव संबंधित कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर आफिसर समन्वयन बनाकर काम करे। मतदान केंद्रों में जाकर प्रस्तावित स्थल पर मतदान केन्द्र स्थापित है कि नहीं, अक्षांश देशांतर की जानकारी ले।

अपना शहर
www.navpradesh.com

सूर्योदय व सूर्यास्त
सूर्यास्त 5.28 शनिवार
सूर्योदय 05.48 शनिवार

रांची पेट्रोल-डीजल
पेट्रोल 72.17
डीजल 68.61
प्रति लीटर

रांची गैस सिलेंडर
घरेलू 658.50
व्यावसायिक 1186.50

रांची तापमान
अधिकतम 29.7°C
न्यूनतम 19.8°C

झारखंड के गांवों, जंगल पर अभियान चला रही पुलिस, रांची में आराम से जीवन बिता रहे नक्सली

संवाददाता

रांची : नक्सलवाद के सफाये के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान जंगलों और पहाड़ों की खाक छान रहे हैं। नक्सली राजधानी रांची में शरण लेकर बड़े आराम से परिवार के साथ जीवन बिता रहे हैं। ये लोग अपनी पहचान छिपाकर रांची के अलग-अलग इलाकों में रह रहे हैं। कुछ नक्सली मजदूरी की आड़ ले रहे हैं, तो किसी ने अपना नाम बदल लिया है। खूंटी, सिमडेगा, पलामू, चतरा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, चक्रधरपुर, लोहरदगा समेत अन्य जिलों के नक्सलियों ने रांची को अपना ठौर बना लिया है।

धुर्वा-तुपुदाना पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) उग्रवादियों का सेफ हेवन है। हुलहुंडू, बेरमाद, बालसिरिंग, चुटिया, कटहल टोली और चोरटोंग नक्सलियों के नये ठिकाने हैं। रांची में एक महीने में नौ नक्सलियों के पकड़े जाने के बाद पुलिस के कान खड़े हुए हैं। दो दिन पहले ही रांची पुलिस को जानकारी मिली थी कि पीएलएफआइ का एरिया कमांडर हरिहर महतो परिवार के साथ चुटिया में रह रहा है। हालांकि, एक दिन पहले ही उसे खूंटी पुलिस ने करों से गिरफ्तार कर लिया था।

हरिहर की गिरफ्तारी के बाद करों पुलिस जब चुटिया पहुंची, तो उसके घर से हथियार और कारतूस बरामद हुए। दो लाख रुपये का यह इनामी नक्सली चुटिया के महादेवनगर में यशवंत केसरी के यहां किराये के मकान में रह रहा था। पुलिस का कहना है कि मकान मालिक किरायेदारों को

जानकारी नहीं देते। इसलिए कई बार अपराधी और नक्सली पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाते। मकान मालिकों को अपने किरायेदारों की विस्तृत जानकारी पुलिस को देना अनिवार्य है।

यहां बताना प्रासंगिक होगा कि तुपुदाना इलाके से ही इस साल कई उग्रवादियों की गिरफ्तारी हुई। विस्फोटक भी बरामद किये गये। सूची इस प्रकार है।

- **21 अक्टूबर, 2019 :** तुपुदाना स्थित भारत सेवा आश्रम में खुद को अनाथ बताकर रह रहे माओवादी लालजीत गंझू को करेंडारी पुलिस ने गिरफ्तार किया।
- **14 सितंबर, 2019 :** तुपुदाना और टाटीसिल्वे इलाके में छापामारी कर भारी मात्रा में पुलिस ने विस्फोटक बरामद किया।
- **29 अगस्त, 2019 :** तुपुदाना पुलिस ने पुराना हुलहुंडू स्थित एक क्रशर के पास किराये के मकान में मजदूर बनकर रह रहे उग्रवादी सदानंद सिंह मुंडा उर्फ सदाई मुंडा को गिरफ्तार किया।
- **7 अगस्त, 2019 :** तुपुदाना से एक लाख के इनामी एरिया कमांडर सहित तीन पीएलएफआइ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया।
- **27 जुलाई, 2019 :** तुपुदाना ओपी क्षेत्र से लेवी लेने आये चार उग्रवादियों प्रेम सिंह, सनातन होरो, समीर धनवार और सुरेश मुंडा को पुलिस ने धर दबोचा।
- **7 फरवरी, 2019 :** तुपुदाना पुलिस ने हजाम गांव के पास पीएलएफआइ के पूर्व एरिया कमांडर और अन्य अपराधियों को हथियार की खरीद-बिक्री करते हुए रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया।

चुनाव से पहले नक्सलियों के खिलाफ चलेगा अभियान : झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले सीमावर्ती इलाकों में नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया जायेगा। नक्सली गतिविधियों को लेकर खुफिया विभाग लगातार जानकारी जुटा रहा है। झारखंड की सीमा से सटे ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड-बिहार की सीमा से सटे इलाकों में अभियान चलाया जायेगा।

इसमें सीआरपीएफ के अतिरिक्त जवान लगाये जायेंगे। राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों के जिन क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों की खुफिया जानकारी मिली है, उसका सत्यापन करने के साथ-साथ नक्सली गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। नक्सली अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सकें, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। खूंटी, सिमडेगा, गुमला सहित सभी इलाकों में पीएलएफआइ के उग्रवादियों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है।

भाकपा माओवादी केंद्रीय कमेटी ने 50वें स्थापना दिवस पर कंसोलिडेशन (एकीकरण) अभियान चलाने का निर्णय लिया है। खुफिया विभाग ने इसकी सूचना मिलने के बाद राज्य के सभी जिलों के एसपी को अलर्ट किया है। खुफिया जानकारी के अनुसार, अभियान आठ नवंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान नक्सली अपने संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। पुलिस बल, सरकारी प्रतिष्ठान और रेलवे की संपत्ति को नक्सली नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

इसलिए सुरक्षा बलों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देश है कि किसी भी परिस्थिति में जवान नक्सल अभियान के दौरान लूज मूवमेंट नहीं करें। फिलहाल पुलिस महकमा भी अपने स्तर से स्थिति की समीक्षा कर रहा है। नक्सलियों ने 21 से 27 सितंबर तक शहीद सप्ताह मनाया था। नक्सलियों ने कुछ स्थानों पर पोस्टर चिपकाये थे, जिसके बाद भी सावधानी बरतने के निर्देश दिये गये थे।

झरिया पुनर्वास पैकेज की बैठक में कोयला सचिव ने नए पुनर्वास पैकेज पर 2 माह में रिपोर्ट मांगी

संवाददाता

रांची : झरिया और रानीगंज कोयला खदानों की आग बुझाने और पुनर्वास पैकेज पर बुधवार को केंद्रीय कोयला सचिव अनिल कुमार जैन ने मुख्य सचिव डॉ डीके तिवारी, खान सचिव और कोयला कंपनियों के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें पुराने पैकेज की जगह नए पैकेज की रूपरेखा तय करने के लिए सीएमपीडीआई के एमडी की अध्यक्षता वाली कमेटी से दो महीने में रिपोर्ट देने को कहा। बैठक में कहा गया कि लोग पुराना पैकेज लेने से इनकार कर रहे हैं। इसलिए बढ़े हुए दर पर नए पैकेज की जरूरत है। बैठक में कट ऑफ डेट 2004 को बढ़ाकर 2009 करने पर सहमति बनी। यह भी आकलन करने को कहा गया कि कट ऑफ डेट बदलने से कितने और प्रभावित परिवारों को पुनर्वास पैकेज में शामिल करना होगा। कितनी जमीन, घर और पैसे की जरूरत होगी। कोयला सचिव ने राज्य सरकार और कोयला कंपनियों के अधिकारियों को एक्शन प्लान पर तेजी से काम करने का निर्देश दिया। प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में हुई बैठक में झरिया और रानीगंज में कोयला खदानों में आग की रेकथाम और पुनर्वास से संबंधित अन्य प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि झरिया और रानीगंज कोयला खदानों में लगी आग बुझाने और पुनर्वास पैकेज के लिए केंद्रीय कोयला सचिव की अध्यक्षता में हाईपावर कमेटी बनी हुई है।

अब नई सरकार में ही होगा पारा शिक्षकों को स्थायी करने पर निर्णय

संवाददाता

रांची : समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्य कर रहे 63 हजार पारा शिक्षकों को स्थायी करने तथा उन्हें मानदेय देने पर अब नई सरकार में ही कोई भी निर्णय संभव है। राज्य सरकार ने इनके नियोजन एवं वेतनमान देने को लेकर नियमावली का ड्राफ्ट तो तैयार कर लिया है, लेकिन इस पर 10 नवंबर तक सभी पारा शिक्षकों से सुझाव मांगा गया है। ऐसे में तय है कि तबतक विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। इस दौरान इसपर कोई भी निर्णय नहीं हो सकेगा।

इधर, पारा शिक्षकों ने

नियमावली पर अपना अलग-अलग सुझाव देना शुरू कर दिया है। एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने भी प्रस्तावित नियमावली के कई प्रावधानों का विरोध करते हुए इसमें व्यापक सुधार की मांग की है। मोर्चा का कहना है कि यह नियमावली हूबहू लागू हुई, तो 60 हजार पारा शिक्षकों की नौकरी ही चली जाएगी। पारा शिक्षकों ने प्रस्तावित नियमावली को पारा शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी बताया है।

अब चुनाव के बाद ही आंदोलन : पारा शिक्षक इस प्रस्तावित नियमावली के विरोध में एक बार फिर आंदोलन का निर्णय ले सकते थे, लेकिन विधानसभा चुनाव के कारण वे इसे लेकर कोई कदम उठा नहीं सकते। ऐसे में पारा शिक्षक चुनाव के बाद नई सरकार के समक्ष ही आंदोलन का कोई निर्णय ले सकते हैं।

धुनाने में लगे हैं राजनीतिक दल : पारा शिक्षकों की बड़ी संख्या को देखते हुए सभी विपक्षी राजनीतिक दल इनके आंदोलन को मुद्दा बना रहे हैं। बुधवार को रांची में कांग्रेस की आयोजित प्रमंडलीय जन आक्रोश रैली में भी नेताओं ने राज्य सरकार पर पारा शिक्षकों के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया था।

आजीवन कारावास की सजा काट रहे 141 कैदी होंगे रिहा

संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री रघुवर दास की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई राज्य सजा पुनरीक्षण बोर्ड की बैठक में राज्य की जेलों से आजीवन कारावास के 141 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बन गई। बोर्ड के सामने 153 कैदियों की सूची रखी गई थी, जिसमें 12 कैदियों पर विचार नहीं किया गया। उनके मामले अस्वीकृत कर दिए गए। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सजा काट चुके कैदियों को भी सामान्य जिंदगी जीने का हक है। उन्होंने जाने-अनजाने में जो गलती की थी, उसकी सजा उन्हें मिल गई है।

अब उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करना समाज के हर व्यक्ति का काम है। भारत का संविधान सभी को सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार देता है। कई ऐसे भी मामले सामने आते हैं, जिसमें कैदी सजा काट चुका होता है, लेकिन गरीबी के कारण कानूनी सहायता उपलब्ध नहीं होने से वह बरी होने से वंचित हो जाता है। प्रत्येक तीन महीने में पर्षद की बैठक कर ऐसे मामलों का तुरंत निपटारा किया जाना चाहिए।

उन्होंने विभाग को आदेश दिया है कि प्रत्येक तीन महीने पर राज्य सजा पुनरीक्षण बोर्ड की बैठक कर 14 साल से अधिक सजा काट चुके कैदियों को छोड़ने पर विचार करें। रिहा हुए बंदियों को मुख्यधारा से जोड़ना हर व्यक्ति का कर्तव्य है।

राज्य सजा पुनरीक्षण बोर्ड की बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सुनील कुमार वर्णवाल, डीजीपी कमल नयन चौबे, कारा महानिरीक्षक शशि रंजन सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अपने दम पर विस चुनाव लड़ेगी नीतीश कुमार की पार्टी जदयू

रांची/नयी दिल्ली : बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोग से सरकार चला रही जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने झारखंड में अपने दम पर चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने दिल्ली में यह घोषणा की। उनका कहना है कि पार्टी की नजर राष्ट्रीय पार्टी बनने पर है और इसके लिए कम से कम चार राज्यों में मान्यता प्राप्त पार्टी का दर्जा हासिल करना होता है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली में भी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। दोबारा पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद को संबोधित किया। कहा कि उनकी पार्टी ने भाजपा को आनुपातिक प्रतिनिधित्व दिया। केंद्र में भी ऐसा ही होना चाहिए। जदयू के महासचिव केसी त्यागी ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में बिहार विधानसभा चुनाव का जनादेश भाजपा के खिलाफ था, लेकिन नीतीश कुमार ने मंत्री पदों के अलावा उपमुख्यमंत्री का पद भी दिया।

जदयू का यह रुख ऐसे समय सामने आया है, जब भाजपा की एक अन्य सहयोगी पार्टी शिवसेना महाराष्ट्र की सत्ता में समान हिस्सेदारी की मांग कर रही है। त्यागी ने कहा, 'अगर एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी और अमित शाह सरकार में जद (यू) के आनुपातिक प्रतिनिधित्व के लिए पहल करते हैं, तो हम इसका स्वागत करेंगे।' उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में एनडीए की सबसे बड़ी घटक है। जद (यू) को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने से केंद्र सरकार में बिहार के और अधिक प्रतिनिधि होंगे। यह सामाजिक रूप से अधिक व्यापक और सामंजस्यपूर्ण होगा। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद अपने प्रत्येक सहयोगी को एक मंत्रीपद की पेशकश की थी। जद (यू) ने कम से कम तीन मंत्री पद मांगे थे। त्यागी ने बताया कि पहली मोदी सरकार में भी जद (यू) को शामिल नहीं किया गया था।

रांची में गैर सब्सिडी गैस सिलेंडर 76 रुपये महंगा

रांची : रसोई गैस के दामों में लगातार तीसरे महीने तेजी आई है। रांची में 14.2 किलो के नन सब्सिडी और 19 किलो के व्यावसायिक गैस सिलिंडर की कीमतों में वृद्धि हुई है। 14.2 किलो गैर सब्सिडी गैस के दाम में 76 रुपये वृद्धि हुई है।

ग्राहकों को 658.50 की जगह अब 734.50 रुपये देने होंगे। वहीं 19 किलो के व्यावसायिक गैस के दाम में 118.50 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। अब इसके लिए ग्राहकों को 1186.50 की जगह 1305 रुपये देने होंगे।

विधायकी के लिए दम लगा रहे कई पूर्व आईपीएस

संवाददाता

रांची : 7 राज्य के पूर्व आईपीएस अधिकारियों में आधा दर्जन से अधिक लोग विधायकी के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। पूर्व डीजीपी डीके पांडेय हाल ही में भाजपा में शामिल हुए। वीआरएस लेकर सिमडेगा से चुनाव लड़ने का ऐलान रेजी डुंगडुंग कर चुके हैं।

पंजाब कैडर के पूर्व आईपीएस अरुण उरांव, आईजी से सेवानिवृत्त हुए लक्ष्मण सिंह, शीतल उरांव, आजसू से राजनीतिक सफर शुरू करने वाले पूर्व डीआइजी सुबोध प्रसाद विधायकी के टिकट के लिए जोर-आजमाइश में लगे हैं।

भाजपा-कांग्रेस दोनों में संभावना तलाश रहे रेजी : 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी रेजी डुंगडुंग ने चुनाव लड़ने के लिए वीआरएस लिया है। वीआरएस लेने के बाद उन्होंने सिमडेगा से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। लेकिन वह किस दल में शामिल होंगे, इसे लेकर अबतक संशय बरकरार है। रेजी डुंगडुंग ने वीआरएस लेने के बाद भाजपा में शामिल होने का इशारा किया था। जानकारी के मुताबिक, सिमडेगा में पहड़ा खड़िया राजाओं के साथ भी वह लगातार संपर्क में हैं। सिमडेगा में रायशुमारी के बाद ही वह कांग्रेस या भाजपा में शामिल होने का ऐलान करेंगे। हालांकि सिमडेगा में भाजपा की विमला प्रधान अभी विधायक हैं, ऐसे में उन्हें सिमडेगा जिले की कोलेबिरा सीट पर भी लड़ाने पर

विचार किया जा सकता है।

पूर्व डीजीपी भी लगा रहे दम, लेकिन सीट पर नहीं कर पाए हैं दावेदारी : पूर्व डीजीपी डीके पांडेय हाल में भाजपा से जुड़े हैं। लेकिन किस सीट पर उनकी दावेदारी होगी, यह अबतक तय नहीं है। निरसा, विश्रामपुर जैसी सीटों से उनके चुनाव मैदान में उतरने की चर्चा है। राजनीतिक दल से जुड़ने के बाद वह लगातार पार्टी के कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। इसी तरह हाल ही में कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण उरांव को गुमला या सिसई सीट से चुनाव में उतारा जा सकता है। फिलहाल इन दोनों सीटों पर भाजपा का कब्जा है। सिसई सीट से पूर्व में अरुण उरांव की पत्नी गीताश्री उरांव विधायक रही हैं।

इनकी भी दावेदारी : विधायकी के टिकट के लिए पूर्व आईपीएस लक्ष्मण सिंह राजधनवार से दावेदारी कर रहे हैं। 2014 के विधानसभा चुनाव में भी लक्ष्मण सिंह को राजधनवार से भाजपा का टिकट मिला था, हालांकि वह चुनाव हार गए थे। सुबोध प्रसाद आजसू से चुनाव लड़ चुके हैं, इस बार विधानसभा चुनाव में भी उनकी दावेदारी होगी। शीतल उरांव भी भाजपा से जुड़े रहे हैं, वह भी आरक्षित सीट पर दावेदारी कर रहे हैं।

दो आईपीएस बने सांसद : झारखंड के पूर्व डीजीपी बीडी राम, जमशेदपुर के पूर्व एसएसपी डॉ अजय राजनीति में उतरने के बाद सफलतापूर्वक राजनीतिक पारी खेल चुके हैं। बीडी राम दो बार से पलामू के सांसद हैं, वहीं डॉ अजय जमशेदपुर से झामिमो के टिकट पर उपचुनाव में सांसद चुने गए थे। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हार मिली थी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस पद से इस्तीफा देने के बाद डॉ अजय अब आप से राजनीति में कदमताल कर रहे हैं।

मजदूर बनकर शरण ले रहे हैं उग्रवादी

संवाददाता

रांची : रांची एक बार फिर से उग्रवादियों का सेफ जोन बन रहा है। इन दिनों रांची के शहरी क्षेत्रों को भी ठिकाना बनाया जा रहा। रांची के हटिया, तुपुदाना, धुर्वा, रातू और पंडरा का इलाका अपराधियों की शरणस्थली बन रहा है। खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, चक्रधरपुर, लातेहार, पलामू, चतरा, लोहरदगा सहित अन्य जिलों से भागकर उग्रवादी रांची का रुख कर रहे हैं।

मोस्टवांटेड उग्रवादी रांची में पहचान छिपाकर रह रहे हैं। कहीं मजदूर बनकर, कहीं नाम बदलकर। ऐसे में उग्रवादियों की पहचान स्थानीय स्तर पर नहीं हो पा रही। रांची में पिछले एक महीने के भीतर ही नौ उग्रवादी पकड़े गए

हैं। इनमें दो, एक लाख के इनामी उग्रवादी हैं। अधिकतर उग्रवादी मजदूरों का वेश धारण कर रांची के शहरी क्षेत्रों में रह रहे हैं। हालांकि रांची पुलिस ने अलग-अलग इनपुट पर उग्रवादियों को दबोचा भी है। कार्रवाई भी हुई है।

बिना सत्यापन के रखे जाते हैं किराएदार : रांची की अलग-अलग जगहों पर बिना वेरीफिकेशन किराएदार रखे जा रहे हैं। इनमें कोई उग्रवादी निकल रहा, कोई अपराधी। रांची पुलिस ने सख्त हिदायत के साथ आदेश जारी किया है कि अपने किराएदार की पूरी जानकारी थाने को दी जाए। इसके लिए एक फॉरमेट भी जारी किया गया है, जबकि कोई फॉरमेट थाना को भरकर नहीं दिया जा रहा।

तुपुदाना का इलाका है सर्वाधिक सेफ जोन : धुर्वा-तुपुदाना का इलाका पीएलएफआइ उग्रवादियों का सेफ जोन रहा है। हुलहुंडू, बेरमाद, बालसिरिंग, चोरटोंग, गुटिय, कटहल टोली में उग्रवादी ठिकाना बनाते हैं।

2.26 करोड़ मतदाता झारखंड चुनाव में डालेंगे वोट

संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा आज दिल्ली में की जाएगी। चुनाव की घोषणा के साथ ही मतदान की प्रक्रिया के लिए प्रशासनिक अमला सक्रिय हो जाएगा। आम लोग भी वोट डालकर इसमें सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाएंगे। 2019 के इस विधानसभा चुनाव में राज्य के 2.26 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग ने लगभग एक महीने पूर्व ही विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण के आधार पर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया था।

पुनरीक्षण में 86,864 पुरुष तथा 1,06,872 महिला नए मतदाता के रूप में शामिल किए गए हैं। इस तरह 1,93,736 मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं। इस तरह राज्य में अब कुल मतदाताओं की संख्या 2,26,17,372 हो गई है। इसमें 1,18,16,098 पुरुष और 1,08,01,274 महिला मतदाता शामिल हैं। इसी सूची के आधार पर झारखंड में विधानसभा का चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

चुनाव लड़ने वाली पार्टियों की संख्या बढ़ी, प्रत्याशियों में आयी कमी

संवाददाता

रांची : झारखंड में अब तक तीन विधानसभा चुनाव हुए हैं। हर चुनाव में भाग लेने वाली पार्टियों की संख्या बढ़ी है, लेकिन प्रत्याशियों की संख्या में निरंतर गिरावट दर्ज की गयी है। वर्ष 2005 में पहली बार झारखंड विधानसभा के लिए चुनाव हुआ था। उस चुनाव में 6 राष्ट्रीय दलों समेत 50 पार्टियां शामिल हुई। निर्दलीयों की भी अच्छी-खासी संख्या थी। वर्ष 2009 में पार्टियों की संख्या बढ़कर 63 हो गयी और 2014 के चुनावों में यही संख्या 65 तक पहुंच गयी। 2005 में कुल 1390 उम्मीदवार मैदान में थे, जबकि 2009 में 1491 लोग चुनाव के मैदान में उतरे गये या उतरे। इस बार प्रत्याशियों की संख्या पिछले चुनाव की तुलना में कुछ ज्यादा थी। वहीं, वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों की संख्या घटकर 1217 रह गयी।

वर्ष 2005 और 2014 में इस राज्य से 6 राष्ट्रीय पार्टियों ने चुनाव लड़ा, जबकि 2009 में 7 राष्ट्रीय पार्टियों ने अपने उम्मीदवार उतारे थे। 2009 में ही राष्ट्रीय पार्टियों ने सबसे ज्यादा 293 उम्मीदवार उतारे थे, जिसमें मात्र 37 को जीत मिली। वर्ष 2005 में राष्ट्रीय पार्टियों ने 220 और वर्ष 2014 में 240 प्रत्याशी उतारे। 2005 में राष्ट्रीय पार्टियों ने 40 सीटें जीतीं थीं, जबकि 2014 में सबसे ज्यादा 44 उम्मीदवार विधानसभा पहुंचे। भाजपा 37 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। कांग्रेस को 6 सीटों पर जीत मिली जबकि बसपा के खाते में एक सीट गयी थी।

वर्ष 2014 के राज्य विधानसभा चुनाव में भाकपा, माकपा, एनसीपी जैसी राष्ट्रीय पार्टियों का खाता भी नहीं खुला। राष्ट्रीय पार्टियों के 240 में से 146 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गयी। सबसे ज्यादा बसपा के 59 और कांग्रेस के 42 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई। भाकपा के 24, माकपा के 12 और एनसीपी के 8 उम्मीदवारों की भी जमानत जब्त हुई। एनसीपी ने 9 उम्मीदवार ही उतारे थे। माकपा के 12 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे, कोई भी अपनी जमानत नहीं बचा सका।

क्षेत्रीय दलों की बात करें, तो झारखंड विकास मोर्चा ने 2014 में 73 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसके 8 प्रत्याशी विधानसभा पहुंचे। 55 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी। राजद के 19 प्रत्याशियों में से 12 की जमानत जब्त हो गयी। झामुमो ने राज्य में सबसे ज्यादा 79 प्रत्याशी उतारे थे। उसके 19 सदस्य विधानसभा पहुंचे और 35 की जमानत जब्त हो गयी। भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली आजसू ने 8 लोगों को टिकट दिया और उनमें से 5 विधायक बने। किसी की जमानत जब्त नहीं हुई।

अन्य राज्यों की 8 पार्टियों (तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, शिव सेना, फॉरवर्ड ब्लॉक, आइयूएमएल और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी) ने 93 उम्मीदवारों को टिकट दिया। इनमें से कोई भी जीत न सका। अलबत्ता 91 की जमानत जब्त हो गयी। इसी तरह पंजीकृत (गैरमान्यता प्राप्त) 47 दलों के 261 में से सिर्फ 5 उम्मीदवार जीत पाये। 251 अपनी जमानत न बचा पाये।

वर्ष 2014 में मात्र 363 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे। कोई जीत नहीं सका। 359 की जमानत जब्त हो गयी। इसके पहले वर्ष 2005 में 662 और 2009 में 647 निर्दलीय चुनाव के मैदान में थे। 2009 में 2 जीते और 642 को अपनी जमानत तक गंवानी पड़ी। वहीं, 2005 में कुल 662 में तीन निर्दलीय विधानसभा पहुंचे और 649 की जमानत जब्त हो गयी।

न्यूज गैलरी

सड़क दुर्घटना में एक कि मौत

सतगावां। प्रखंड के पोखरडीहा मोड़ के पास मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर दुर्घटना में एक युवक की मौत। जबकि बच्ची समेत एक घायल हो गए। मृतक की पहचान सोनू कुमार 20 वर्ष पिता विजय साव तथा उनके साथ आ रहे छोटे भाई पिंटू कुमार 18 वर्ष तथा बहन रानी कुमारी 12 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों मोटरसाइकिल से नवादा से छठ पर्व को लेकर छठ का सामग्री लेकर बासोडीह की ओर आ रहे थे ।जबकि विपरीत दिशा से आ रहे ईट लादा ट्रेक्टर पोखर डीहा की ओर अचानक मुड़ गई जिससे से टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए तथा सोनू कुमार का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ड्राइवर ने गाड़ी को पोखरडीहा गांव की ओर खड़ा कर ड्राइवर भागने में सफल रहा। तथा गंभीर रूप से घायल पिंटू कुमार वाह रानी कुमारी को ग्रामीणों के मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों के द्वारा घर भेज दिया गया। इधर मृतक के परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर विलाप करने लगे मृतका की मां का रो रो कर बुरा हाल था। सतगावां पुलिस प्रशासन को दी गई घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को समझा-बुझाकर शव व ट्रैक्टर मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा भेज दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य भुनेश्वर राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, थाना प्रभारी अरविंद कुमार, एस आई अरुण सिंह, एसआई उमेश सिंह, बीपीओ रविशंकर प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि श्रवण रविदास, बस महासभा के जिला सचिव दीपेश अग्रवाल, प्रमोद यादव आदि घटनास्थल पर मौजूद थे।

परिजनों ने लगाएं आरोप

मृतक के परिजन ने बताया कि घायल पिंटू कुमार रानी कुमारी को डॉक्टरों के द्वारा इलाज के नाम पर खानापूर्ति किया गया। जैसे तैसे इलाज कर कोडरमा रेफर करना था ।जिसे घर भेज दिया गया। जहां घर पहुंचने पर रानी कुमारी को उल्टियां होने लगी और स्थिति गंभीर हो गई। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए नवादा इलाज के लिए ले गए। उन्होंने डॉक्टरों पर आरोप लगाया कि अपनी निजी गीता क्लिनिक के कारण आये दिन इस प्रकार के घटना होते रहती है शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाई नही होती है सरकारी हॉस्पिटल में इलाज के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई जिसे बच्ची का स्थिति गंभीर हो गई।

गोदाम में अगलगी की घटना से करोड़ों रुपए कड़ी पत्ता जलकर राख

ठेकेदार का बाजार समिति पर रु159284 का था बकाया

झुमरीतिलैया। थाना क्षेत्र अंतर्गत अड्डी बंगला रोड स्थित बाजार समिति प्रांगण के गोदाम में आग लगने से करोड़ों रुपए का बीड़ी पत्ता जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना शुक्रवार अपराहन 1:30 बजे की बताई गई है। घटना की सूचना पर तत्काल पहुंचे दमकल विभाग के द्वारा आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि काफी मशक्कत के बाद भी उस पर काबू नहीं पाया जा सका। बाद में बाजार समिति के सचिव रवि रंजन ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेश कुमार से संपर्क कर जेसीबी मंगा कर गोदाम के गेट को तुड़वाया गया। जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। करीब ढाई घंटे आग बुझाने की प्रक्रिया के दौरान तिलैया पुलिस मूकदर्शक बनी रहीम हालांकि सूचना पर तत्काल तिलैया पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी आग की लपटें इतनी तेज थी कि पुलिस को भी कुछ समझ में नहीं आ रहा था। आग बुझाने की प्रक्रिया के दौरान दमकल गाड़ी के प्रधान अग्नि चालक कैला उरांव खुद स्थिति को भयावह होता देख हथोड़ा लेकर गोदाम के ताले को तोड़ने लगा लेकिन वह सफल नहीं हो सका। 10619 स्क्वायर फीट के इस गोदाम में करीब 2 वर्षों से बीड़ी पत्ता रखा पड़ा था। यह बीड़ी पत्ता वन विभाग गिरिडीह के अधीन था। इसे लेकर बाजार समिति सचिव रवि रंजन में कई बार गिरिडीह वन विभाग से संपर्क किया, लेकिन विभाग की ओर से कोई जवाब नहीं मिला था। वही बीड़ी पत्ता ठेकेदार पलामू निवासी अंगद कुमार पिछले 4 महीनों से गोदाम का भाड़ा भी नहीं दिया था। गोदाम का 1 महीने का भाड़ा रु 39821 होता है। इस हिसाब से 4 महीने का भाड़ा रु159284 ठेकेदार का बकाया था।

सूर्य उपासना का महापर्व छठ के दुसरे दिन खरना प्रसाद की तैयारी को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ी

कथारा। सूर्य उपासना का महापर्व छठ के दुसरे दिन शुक्रवार को खरना प्रसाद की तैयारी को लेकर बेरमो अनुमंडल के तमाम क्षेत्रो के बाजारों की रौनक बढ़ी रही जिस दौरान जरीडीह बाजार, जारंगडीह, कथारा, बोकारो थर्मल, गोमिया, तेनुघाट की बाजारों में छठ व्रति पूजा की समाग्री की खरीदारी करने सुबह से ही जुटते रहे जिससे बाजारों की भी रौनक बढ़ी रही।वहीं खरना का प्रसाद छठ व्रती द्वारा तैयार शुक्रवार की शाम से किया गया जिसे ग्रहण कर 36घंटे का निर्जला व्रत आरंभ हो जायेगी ।शुद्धता का यह पर्व नेम निष्ठा के साथ मनाई जाती है। इसलिए छठ पर्व को लेकर छठ घाटों की भी सफाई कि जायजा भी अधिकारियों के द्वारा लिया गया। जिस दौरान बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीन चौधरी बेरमो अंचला अधिकारी मनोज कुमार, कथारा मुख्य महाप्र बंधक एम0के0पंजाबी, एसओसी आर के प्रधान, क्षेत्रिय वित्तीय पदाधिकारी पीके दास भी कॉलोनीयो सहित छठ घाटों की साफ-सफाई का जायजा बीते गुरुवार की देर शाम को लेते दिखे।

झंडा चौक का किया गया उद्घाटन

झुमरीतिलैया। हृदय स्थली नाम से प्रसिद्ध झंडा चौक के नव निर्माण का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। इस अवसर पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित थे। चौक का विधिवत उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महामंत्री शिवेंद्र नारायण सिन्हा, नगर अध्यक्ष देवनारायन मोदी, वार्ड पार्षद पिंकी जैन, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, जगदीश सलूजा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर तथा फीता काटकर किया। उल्लेखनीय है कि झंडा चौक में लगे गुंबद का राष्ट्रवाद के प्रतीक के रूप में बनाया गया है जो काफी दर्शनीय है। इस अवसर पर विजय राम, किशोर पंडित, बालगोबिन्द मोदी, गतेन्द्र कटारिया, अजय झा, संजू शर्मा, नवीन जैन, संजय यादव, पिंटू मजुमदार, मदन मोहन गुप्ता, अजय मिश्रा, सुनील मंडल, अनिरुद्ध चक्रम, सुदीप्तो घोष, लक्ष्मन सिन्हा, सरजू चौधरी, तेजा यादव आदि उपस्थित थे।

पलामू में कुहासा के कारण दिन में भी लाइट जला चले वाहन

मेदिनीनगर। पलामू जिले में शुक्रवार को घने कोहरे के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग जहां परेशान दिखे वहीं वाहन चालक को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालक घने कोहरे के कारण दिन में ही लाइट जलाकर आवागमन किया। सड़कों पर अधिकांश वाहन लाइट जलाकर ही आवागमन करते नजर आए। इस वर्ष में सबसे अधिक कोहासे का दिन शुक्रवार ही रहा। शुक्रवार की सुबह 5 बजे के बाद अचानक कुहासा रात की तरह हो गया।

छठ को लेकर वार्ड पार्षद ने किया साड़ी वितरण

गिरिडीह: लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर शुक्रवार को वार्ड नंबर 16 के वार्ड पार्षद सुमित कुमार ने अपने वार्ड और उसके आसपास के क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच साड़ी का वितरण किया। बताया गया कि वार्ड के हर क्षेत्र में घूम घूम कर लगभग 75 साड़ीयो की सूची बनाई गई है। जो स्वेच्छा से स्वीकार कर रहे हैं उन जरूरतमंदों को साड़ी मुहैया कराई जा रही है। वही जो जरूरतमंद बच गए हैं। उन्हें उनके घर-घर जाकर साड़ियां पहुंचा दी जाएगी। वही बताया गया कि वार्ड नंबर 16 में जबरदस्त सफाई की व्यवस्था और बिजली की व्यवस्था भी कराई गई है। इसके लिए नगर निगम के अलावे इन्होंने अपने निजी खर्च से दो-तीन सफाई और बिजली कर्मी को लगाया गया है, जो निरंतर दो-तीन दिनों से वार्ड के हर पोल में बिजली और आसपास के क्षेत्र में बिजली की सुंदर व्यवस्था करने में लगे हुए है। इस बाबत सुमित कुमार ने सभी गिरिडीह वासियों की छठ की शुभकामनाएं देते हुवे कहां की जो भी जरूरतमंद लोग हैं, जिन्हें किसी भी सहायता की आवश्यकता है। वे उन्हें दिलाने का प्रयास करेंगे। मौके पर वार्ड पार्षद सुमित कुमार के अलावे हरीश सिन्हा, गोपाल राणा, तुषार कुमार, जुगनू कुमार, समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

6 माह पहले बना सड़क हुआ जर्जर, गुणवत्ता पर उठे सवाल

मेदिनीनगर। पलामू जिले के छतरपुर - पाटन विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी कई सड़क एक - दो माह में ही जर्जर हो गया है। इसकी बागनी साफ देखा जा सकता है। विधानसभा के पाटन से चिल्ही तक लाखों की लागत से 6 माह पूर्व बनी सड़क जर्जर हो गया है। सड़क पर जगह - जगह गड्ढे बन गया है। साथ ही पिच उखड़ गई है। सड़क की स्थिति इतना जर्जर हो गया है कि देखने से लगता है कि दस साल पूर्व सड़क बना है। 6 माह पूर्व बनी सड़क जर्जर हो जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क का निर्माण में संवेदक द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली बरती गई है। यही कारण है कि सड़क 6 माह भी टिक नहीं सका। सबसे बड़ी बात है कि छतरपुर विधायक राधाकृष्ण किशोर के क्षेत्र में दर्जनभर ऐसे सड़क है जो 6 माह भी सही तरीके से टिक नहीं सका। विधायक द्वारा आज तक गुणवत्ता पर ख्याल नहीं रखा गया। वही पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने बताया कि छतरपुर - पाटन विधानसभा क्षेत्र में विकास के नाम पर सिर्फ लूट हुई है। एक भी योजना गुणवत्तापूर्ण तरीके से नहीं बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों ऐसे योजना है जो 6 माह भी टिक नहीं सका। श्रीमती चौधरी ने कहा कि विकास कार्य में विधायक द्वारा कमीशन ली जाती है।

विदाई समारोह आयोजित कर फूल-माला एवं बुके देकर सम्मानित किया गया

जिला के जनसंपर्क विभाग की टीम ने सहरनीय कार्य किया है और आगे भी करती रहेगी: सिंह

कोडरमा। जिला जनसंपर्क कार्यालय में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह का चाईबासा ट्रांसफर हो जाने के कारण शुक्रवार को भावभिनी विदायी दी गयी। इस अवसर पर श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा कोडरमा जिला के जनसंपर्क विभाग की टीम ने सहरनीय कार्य किया है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि जन संपर्क विभाग की टीम के बदौलत ही दो जिला संभला।वही मौके पर श्री सिंह को जनसंपर्क कर्मियों द्वारा फूल-माला एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।इस विदाई समारोह के अवसर पर जिला जनसंपर्क के कर्मियों के संयुक्त रुप से उपहार प्रदान किया गया। इस मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, अशोक कुमार, राजेश कुमार, नितिन कुमार, मुकेश राणा,अरविंद कुमार चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

नदलाल यादव का कार्य अवधि काफी सराहनीय एवं संतोषप्रद रहा: तिर्की

वही दूसरी ओर सेवानिवृत्त नंदलाल यादव अनुसेवक जो उपायुक्त कार्यालय कोडरमा में 9/11/2004 से नियुक्त थे। जो 31/10/2019 को उनका सेवनानिवृत्ति तिथि को समाहरणालय सभागार मे विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस मौके पर अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, निदेशक डीआरडीए नेलसम एरोन वागे जिला अनुमंडल पदाधिकारी विजय वर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. शफिक आलम, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुवीर रंजन, झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष, स्थापना लिपिक जितेन्द्र कुमार सहित समाहरणालय एवं अनुमंडल कार्यालय के तमाम कर्मी मौजूद थे। अपर समाहर्ता ने अपने संबोधन में कहा कि नंदलाल यादव का कार्य अवधि काफी सराहनीय एवं संतोषप्रद रहा। इस विदाई समारोह में मुख्य रूप से दिनेश रविदास, राजकुमार दास, अनिल पांडे, शशिकांत तिवारी, आदि सैकड़ो अनुमंडल व जिला कार्यालय के कर्मी मौजूद है।

सज धज कर तैयार हो गया धनवार का राज घाट

झारखंड में एक मात्र स्थान है धनवार का राज घाट, बंगाल और झारखंड के कारीगरों द्वारा सजाया जाता है यहां का छठ घाट

प्लास्टिक मुक्त है यहाँ की साज सज्जा, लोगो को खींच लाता है राजघाट का आकर्षक साज सज्जा

गिरीडीह: झारखंड के सुप्रसिद्ध गिरीडीह के राजधनवार राजघाट की तैयारी पूरी कर ली गई है। महा आस्था का छट पर्व को लेकर तीन दिन तक चलने वाले इस मेले की तैयारी पूरी कर ली गई है, झारखंड में छट पर्व की साज सज्जा की बात अगर हम करे और धनवार राज घाट की बात न करे तो बेईमानी होगी ऐसा हम इस लिए कह रहे है हर वर्ष यहां नये नये तकनीकों से श्रद्धलुओ के लिए साज सज्जा की जाती है। बंगाल, उड़ीसा व झारखंड के कारीगरों द्वारा 20 दीन पूर्व से ही तैयारियो में लग जाते है। जहाँ सूर्य मंदिर के अलावे नदी में काल्पनिक पूल, कुरुक्षेत्र के दृश्य, महाकाल का भव्य गेट के भव्य अनेको कलाकृतियों की साज सज्जा श्रद्धालुओ का आकर्षण का केंद्र होता है, तीन द्विशीय मेले में इलेक्ट्रिक झूला, मौत का कुआ, जादूगर आदि से पूरे मेले की रौनक बढ़ जाती है। इस अवसर पर पूरे राजधनवार को दुल्हन की तरह सजाया जाता है। मेले की आकर्षक को देखने झारखंड ही नही बल्कि बिहार, बंगाल, उड़ीसा से भी भारी संख्या में लोग आते हैं। यहां के समिति के द्वारा पूरे मेले को सीसीटीवी कैमरा से नज़र से तमाम गतिविधियो पर नज़र रखी जाती है और प्रशासनिक सुरक्षा की बात करे तो धनवार के अलावे जिला टीम भी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद है। वही राजघाट का जायगा लेने पहुचे गिरीडीह एसपी सुरेंद्र झा, कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, माले विधायक राजकुमार यादव ने भी छठ घाट की साज सज्जा ओर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आश्वस्त हुए और बोले कि पूरी पुलिस प्रशासन की ओर से वेसेश नज़र रखी जायेगी। साथ ही तमाम झारखंड वासियो को छठ की सुभकानाये भी दिया।

भाजपा के लिए चुनावी झुनझुना बना पलामू के मंडल डैम परियोजना

चंद्रदेव प्रजापति

मेदिनीनगर। पलामू का चिर प्रतिक्षित मंडल डैम परियोजना को भाजपा ने चुनाव जीतने का सहारा बना लिया है। चुनाव के समय मंडल का मुद्दा भाजपा गरम करती है। चुनाव खत्म होते ही यह मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। गत लोकसभा चुनाव से ठीक पहले 5 जनवरी को मंडल डैम के शेष बचे कार्य का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डाल्टेनगंज में किया था। इस समय तो लगा कि अब सचमुच डैम का काम पूरा हो जाएगा। पलमुवसियों के दिन अब बहुरने वाले हैं। लोकसभा का चुनाव भी खत्म हो गया। पलामू और चतरा से भाजपा प्रत्याशी जीत भी गए। इसके बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। अब झारखंड विधानसभा का चुनाव माथे पर है। भाजपा फिर मंडल डैम का मुद्दा गरम करने में लग गया है। कुछ दिन पहले भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा पलामू आए। उन्होंने यहां अपने कार्यकर्ताओं के बीच हुंकार भरते हुए कहा कि मंडल डैम पर तेज गति से काम चल रहा है। इनके द्वारा इतना कहते ही प्रदेश के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी पत्रकारों को लेकर मंडल डैम पर पहुंच गए। वहां 46 वर्ष पहले वाली स्थिति बरकरार है। मंडल डैम में कोई काम शुरू नहीं हुआ है। तो ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि प्रधानमंत्री द्वारा 5 जनवरी को मंडल डैम का

खरना संपन्न पहला अर्घ्य आज

संपादकीय

भाजपा और शिवसेना में रार

महाराष्ट्र में चुनावी नतीजे घोषित होने के एक सप्ताह बाद भी सरकार नहीं बन पा रही है। मुख्यमंत्री पद को लेकर भाजपा और शिवसेना के बीच रार बढ़ती जा रही है। यहां के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस की भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि देवेंद्र फड़नवीस ही पूरे पांच साल के लिए फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। जबकि शिवसेना 50-50 के फॉर्मूले पर अड़ी हुई है। शिवसेना चाहती है कि देवेंद्र फड़नवीस ढाई साल के लिए ही मुख्यमंत्री बनें और शेष ढाई साल के लिए शिवसेना का मुख्यमंत्री बनाया जाए। शिवसेना ने तो आगामी तेवर दिखाए हैं और शिवसेना नेता संजय राउत लिख रहा की बयानबाजी कर रहे हैं उनसे दो पार्टियों के बीच खाई लगातार बढ़ती लग रही। यद्यपि देवेंद्र फड़नवीस ने भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद शिवसेना के प्रति नरम रुख अख्तियार किया है और उन्होंने कहा है कि महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा और शिवसेना गठबंधन को बहुमत दिया है। इस लिए गठबंधन सरकार ही बनेगी। भाजपा शिवसेना को सरकार के लिए उसे उपमुख्यमंत्री पद देने के लिए तैयार है। मंत्रीमंडल में भी इसे पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने और केन्द्रीय मंत्रीमंडल में भी हिस्सा सेना के एक और सांसद को मंत्री पद देने की बात कही जा रही है। लेकिन शिवसेना 50-50 के फार्मूले की मांग पर अड़ी हुई। उद्धवठाकरे ने कि महाराष्ट्र में भाजपा को 105 सीटें मिली हैं जबकि शिवसेना को 56 सीटें मिली हैं। बहुमत साबित करने के लिए भाजपा को शिवसेना के समर्थन की जरूरत है। यदि शिवसेना अपनी जिद पर अड़ी रहती है तो महाराष्ट्र में सरकार बन पाना असंभव कर हद तक कठिन हो जाएगा। इस बीच महाराष्ट्र के राज्य में राष्ट्रपती शासन लगी की कुद नहीं है। संवाद नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा है कि हमें विश्वास है बीजेपी के लिए जरूरीत मिला है लेकिन अगर हालात बदलते हैं तो वह नए सिरे से विचार कर सकते हैं। कांग्रेस पार्टी भी शिवसेना को समर्थन का ऐलान कर रही है और यह कह रही है कि यदि शिवसेना कांग्रेस और राकांपा से समर्थन मांगती है तो भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए वे शिवसेना के प्रस्ताव पर विचार कर सकते हैं।

विचार

कश्मीर में हिंसा

ई. अरुण सिंह

कश्मीर के डाल ऐरेआ के लिए हमा से 23 सुरक्षीय सांसद बीरगत पहुंचे और उधर कुलगाम में आतंककारियों ने पांच मजदूरों की हत्या कर दी। इस खबर के आने भरोसे की सांसें चढ़ा और नगवादी की हत्या की खबर कैसी दर्द गई। सुरक्षीय सांसदों का कश्मीर-प्रवास भी आतंकवादी के पिछले पृष्ठों पर साफ नजर आ रहे थे, वे कौन थे ? ये सब आतंकवादी और मुखबिरान थे। सुरक्षीयबल के जिवानों द्वारा मजदूरों का राजनीति से क्या लेना-देना लेकिन आतंककारियों ने इन्हें मार दिया। पर कौनसी मजदूरी है ? यह तो मुद्दा कायदा है। जिसमें मजदूरों को आतंकवादी को कौनसी जगह मिलेगी ? लगता पर दोनदा (नगर)? इन हत्याएं की आए क्या करेंगे ? क्या वे जिहादी हैं ? उन्हें पता नहीं कि उनको यह हथियार, यह बेरहम सलूक (अकारण हिंसा) किसी भी कारीकार शासक से कम नहीं है। ये खतरनाक लोग कायरों आकाश के पीछे छुपे हैं। कायरों के हालात पीरी-पीरी ढीक हो रहे थे लेकिन अब सरकार को भी सोचना पड़ेगा कि यहां प्रतिबंध इतनी जल्दी हटा लेना ठीक है या नहीं ? इन आतंककारियों ने भारत सरकार के हाल में नई संधुक्त पकड़ ली है। ये लोग पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि बिगाड़ने के लिए भी जिम्मेदार है। ये समझ रहे हैं कि ये हत्याएं करके वे यूरोपीय संसदों को भारत के खिलाफ कोई निंदात्मक बयान दे सकेंगे लेकिन कश्मीर में उनकी उम्मीदों में ये हिंसा उन्हें (और पाकिस्तान को भी) कामयाब सिद्ध नहीं होगी। यूरोपीय संसदों के प्रवीण भी कि ये कश्मीर के हालात के बारे में अपनी निष्पक्ष और निडर राय देंगे लेकिन अब उन्हें मंदीपता कि इन हत्याओं का असके पास पर अब असर पड़ेगा। दी पहले भी लिख चुका हूं कि यदि कश्मीरी लोग खाँप और सशस्त्रबल का साथ नकारेंगे तो भारत सरकार की नहीं भारत के करोड़ों लोग उनके अधिकारों, सुविधाओं और सम्मान के लिए जी-जान लगा देंगे। अतः कश्मीर का यह आतंकवाद बहुत ही जल्द समाप्त और उसका पलाश प्रकाश ही पाया जाएगा।

कविता

रिवर्टर पर अब राजनीतिक विज्ञापन नहीं

नई दिल्ली। ट्विटर पर अब राजनीतिक विज्ञापन नहीं होगा। माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ने दुनिया भर में सभी तरह के पॉलिटिकल ऐडवर्टाइजिंग पर रोक लगा दी है। यह पॉलिसी 22 नवंबर से लागू होगी। ट्विटर के सीईओ जैक डॉर्सी ने खुद ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने राजनीतिक विज्ञापनों पर रोक लगाने के कुछ कारण भी बताए हैं। जैक ने ट्वीट में कहा, 'हमने मौजूदा समय पर ट्विटर पर सभी राजनीतिक विज्ञापनों को रोकने का निर्णय लिया है। हमारा मानना है कि राजनीतिक मेसेज पहुंचाए जाएंगे, खरीदे नहीं जाने चाहिए। क्यों? कुछ कारण...' - एक पॉलीटिकल मेसेज को तब रीच (लोगों तक पहुंचे) मिलती है, जब लोग किसी अकाउंट को फॉलो करते हैं या मेसेज को रिट्वीट करते हैं।

'राज्य स्थापना दिवस पर विशेष लेख'

वनांचलों में खुशहाली और तरक्की की नई बयार

ललित चतुर्वेदी

झारखंड के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आदिवासियों की उन्नति और बेहतरी के लिए कई अभिनव योजनाएं बनाकर सार्थक पहल की जा रही है। वेतृतव संपन्न राज्य की दर कई हजार रुपए से बढ़कर चार हजार रुपए प्रति व्यक्ति मौसा कर दी गई है। यह दर देश में सबसे अधिक है। अब 15 फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी। बस्तर में इलाहाबाद हरीस प्लांट नहीं बनने पर लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के किसानों की अधिगृहित भूमि लौटाने का महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया है। यहां आदिवासियों को 4200 एकड़ जमीन वापस कर राजस्व अभिलेखों में जल दर्ज करने की कार्रवाई भी पूर्ण कर ली गई है। राज्य सरकार ने आदिवासियों के हित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनमें वन अधिकार अधिनियम-2006 के सुचारु कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षण, कार्यशाला आयोजित कर स्वीकृत नहीं किए गए प्रकरणों की समीक्षा कर निराकरण किया जा रहा है। अनुसूचित क्षेत्र के विशेष रूप से कमजोर जनजाति समुदायों को वन अधिकार पत्र प्रदान करने की विशेष पहल की जा रही है। इसी तरह बच्चों के जन्म होने के उपरांत जिस की जाति के आधार पर उसे जाति प्रमाण पत्र तत्काल प्रदान करने का निर्णय भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। राज्य सरकार द्वारा जनजाति क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए कई नए निर्णय लिए गए हैं। कमजोरियों के घर आवासहीन कानूनों को लाभ दिलाने के लिए घर आवासहीन भाजपा पत्र की समीक्षा, उन क्षेत्रों में जिसकी जो जिम्मेदार सुविधा के लिए अपने-अपने के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इन अंचलों में विशेष समाधान सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हाल ही में मुख्यमंत्री हाट बाजार कार्यालीय योजना और महिलाओं और बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए नया पोषक भोजन देने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान शुरू की गयी। इन योजनाओं की सफलता को देखते हुए राष्ट्रीय महासभा गांधी की जयंती से इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा जनगणना वर्ष 2011 की आबादी के अनुसार राज्य मंत्रीय परिषद के पहले में अनुसूचित जनजाति के लिए 32 प्रतिशत और अनुसूचित जाति के लिए 13 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है साथ ही आरक्षण के अनुरूप ही पंचायीय में भी लाभ देने का निर्णय लिया गया है। आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए विधानसभा शीतकालीन राजधानी रायपुर में 27, 28 और 29 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार तमसत प्रभावित क्षेत्र अनुसूचित आंतरिक बाहर संचालन के जिला सरगुजा, कोरबा, जशपुर तथा दंतेवाड़ा के लगभग 275 से अधिक आबादीवित ग्रामों में जमीं से निस्तारित लगभग 30

हजार से अधिक लोगों को इनके बसने में पहीत भूमि का मालकीती दावा एवं व्यवस्था उपलब्ध कराया जाएगा। इस निर्णय से विस्थापितों के पास इनके बसने की भूमि का सामयिक अधिपत्य उपलब्ध हो सकेगा तथा वे अपने पारंपरिक भूमि का अंतरण कर सकेंगे। इससे अनुसूचित क्षेत्र अंतरित लगभग 12 हजार किसानों को 50 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि का स्वामित्व प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा आदिवासी समाज के हित में किए आदिवासी विकास पर सामान्य अवकाश घोषित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। बस्तर और सरगुजा में कर्मिक कर्मचारी चयन बोर्ड का गठन करने की घोषणा से स्थानीय युवकों को भर्ती में प्राथमिकता मिलेगी। पांचवीं अनुसूची के जिलों में बाजार, सरगुजा संभाग और कोरबा जिले में तुलीन एवं चयनित क्षेत्रों के पूर्व एवं स्थानीय लोगों की भर्ती के लिए आयु सीमा में तीन वर्षीय छूट के आदेश जारी किए हैं। दंतेवाड़ाबीजी के जनजन प्रवास में हुए दो और हुए दो की भर्ती गरीब दीवाड़ा में ही करने के लिए राज्य सरकार की पहल पर इलाहाबादी द्वारा सहमति दी गई है। मुख्यमंत्री ने व्यवसाय शिक्षित युवा बेरोजगारों को प्रोत्साहन-भत्ता में बीहड़ की डिग्री पूर्ण होने पर रोजगार प्रदान करने और बेरोजगारभत्ता में बीस अतिरिक्त व्यावसाय स्थापित करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की व्यवस्था से आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरणों का अन्यत्र स्थानीय विषयवर्गों को करने का विशेष लिया गया है। बस्तर एवं दंतेवाड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण तथा सरगुजा एवं जशपुर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन करने हुए अब तीन प्राधिकरण बनाए क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण और जशपुर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण का गठन भी किया गया है।

प्रत्येक प्राधिकरण में क्षेत्रीय अनुसूचित जनजाति विधायकों में से एक अध्यक्ष और दो उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। पहले इन प्राधिकरणों के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होते थे। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अब स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल जैसे कोरों तथा अन्य प्राधिकरण के 11 प्रकार के कार्यों को संचीकृत किए जाएंगे। ये कार्य अब बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण और जशपुर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत भी किए जाएंगे। सरकार ने निर्णय लिया है कि नवगठन प्राधिकरण अंचलों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के सामाजिक के निरुद्ध दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। आवासीय प्रकाशों से प्रभावित आदिवासियों को राहत और प्रकरण वापसी के लिए गैरआदिवासी व्यवस्थापन की आपत्तियों में संशोधि पीठ की गई है।

मुपेश बघेल ने आदिवासी अंचलों में नई पहल करते हुए इन्द्रावती नदी विकास प्राधिकरण के गठन, बस्तर में आदिवासी संस्कृति संरक्षण की घोषणा की है। राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि डोंगरगढ़ की तर्ज पर उपयोग सहज प्रभावित क्षेत्र में लोगों के जीवन में बेहतर परिवर्तन लाने के लिए इनके बसने की भूमि का आवंटन जल्द किया जाएगा। आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण दूर करने के लिए पत्र वितरित किया जा रहा है, यहां गुड़ भी दिया जाएगा। बस्तर संभाग में कुपोषण दूर करने के लिए बच्चों और महिलाओं को विशेष पोषण आहार के वितरण का काम प्रारंभ हो चुका है। राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना नीति आयोग ने भी की है। इसी तरह सुकमा जिले के पोट नक्सल प्रभावित जनगणना सहित 14 गांवों की एक पूरी पीढ़ी 13 वर्षों से शिक्षा से वंचित थी। अब यहां स्कूल भवनों का पुनर्निर्माण कर दिया गया है। साथ ही कक्षा पहली से चौथी तक के बच्चों को प्रवेश दिलाकर उनकी शिक्षा प्रारंभ की गई है। यहां 330 बच्चों को निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस तरह 13 साल के अंतराल के बाद दिवाली जैसे एक त्यौहार उनकी शिक्षा से जुड़ेगा। मुख्यमंत्री द्वारा तेंदूपत्ता, गरीरेपत्ता और जशपुरगढ़ को हाट बाजारों का दर्जा देने की घोषणा की गई है। बस्तुतः ये नये 100 मिलाए जिला अस्पताल के लिए 135 पदों का सृजन, आदिवासी विकास संभाग की स्थापना की जाएगी।

ब्लॉग

कमलनाथ

मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस - 1 नवम्बर

मध्यप्रदेश नई उड़ान क्यों नहीं भर सकता?-कमलनाथ

मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर सभी साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं। हम सबके लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है। मैं उन सभी योद्धाओं को भी हार्दिक बधाई देता हूं जो विधेयों में बस गए हैं और अपने प्रदेश की खूबसूरत घाटियों और सुरमी पानी को याद करते हैं। मैं उन सबको भी नमन करता हूं, जिन्होंने मध्यप्रदेश के निर्माण में अपूर्व योगदान दिया है और उत्तरदायुक्त राज्य के नवनिर्माण में जुटे हुए हैं। मध्यप्रदेश एक लम्बा सफर तय कर चुका है। यह एक समन्वय राज्य है। जिसे इतिहास नहीं कि यहां सांस्कृतिक विविधता है, भौगोल जैव-विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य है या सुन्दरतम व्यवसाय है। यह अपने सांस्कृतिक और विरासती लोगों के कारण अद्वितीय है। सर्वश्रेष्ठ समन्वय मध्यप्रदेश की पहचान है। विन्ध्याचल, सतपुड़ा का सौंदर्य सबको सम्मोहित कर देता है। नर्मदा नदी का निर्मल प्रवाह, स्वर्गीय विन्यास करती दृश्यावली, कान्हा नेशनल पार्क की अद्भुत सुंदरता, पन्ना के अनिल कानिल वनस्पति, अद्भुत गोरैया और चीती तेंदुए, सांस्कृतिक विविधता और भी बहुत है यहां।

यह उनको भी याद के बाद हम पेहरा भविष्य के लिए नई रणनीतियां तैयार कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि हमने भविष्य की रणनीतियों पर गहन चिंतन करने के कारण बहुत से अवसर चीजों सबल और अवसर खोये की। मध्यप्रदेश अपने कभी नहीं कह सकता जब यहां के लोग बेरोजगारी हैं? हम हर क्षेत्र में उन्नति कर सकते हैं। हमारे विश्वविद्यालय उन्नतशील हो सकते हैं। हमारा पर्यटन तेजी से गति पकड़ सकता है। औद्योगिक विकास में हम नया सुकाव हासिल कर सकते हैं। हमारे उत्पादों और प्रतिभाओं को पूरा पायकाश कर सकते हैं।

में हर भारतीय की समान जिम्मेदारी है। हमने लोक विवेक का आदर किया है। अपनी नीतियों और निर्णयों में लोगों की अपेक्षाओं का ध्यान रखा है।

आज मध्यप्रदेश नए विजन में उड़ान भरने को तैयार है। हमारी अर्थ-व्यवस्था को सबसे बड़ी ताकत हमारा युवा क्षेत्र है। अब हमें युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देना होगा ताकि हमारे किसान आत्म-निर्भर बनें। अब आर्थिक गतिविधि से कुछ जनसंख्या को जोड़ने और उनके लिए नौकरी के अवसर पैदा करना चुनौती प्रमाणिकता है। औद्योगिक विकास का उद्देश्य नौकरी के अवसर बढ़ाना है। मेरा विश्वास है कि व्यापार का बेहतर प्रबंधन और भविष्य की प्रगति के लिए पर्याप्तिन जरूरी है। प्रदेश के लोग निपुण, प्रतिभाशाली और ज्ञान से परिपूर्ण हैं। प्रत्येक नीति में उनकी आकांक्षाओं को स्थान दिलाना चाहिए। युवाओं को बेहतर सेवाएँ देने के लिए हम वचनबद्ध हैं। हमने लिए आईटीकेशन इंटरनेशिंग का व्यापार लेने का साथ आ गया है। मुझे लोगों की शक्ति पर भरोसा है। मैं पूरा पीढ़ी को शक्ति पर विश्वास करता हूं। हमें अपने उद्यमियों पर भरोसा है। मैं व्यापार हो रही कठिनाइयों को प्रतिभा को प्रयास करता हूं।

हमने यह अवश्य कर लिया है कि यह लोगों की व्यवस्था है। मध्यप्रदेश शासन के साथ लोगों के सहयोग से हम मध्यप्रदेश को हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनाएंगे। मध्यप्रदेश अब नई उड़ान भरेगा। यह हमारा संकल्प है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ऊपर-नीचे, नीचे-ऊपर

ऊपर-नीचे, नीचे-ऊपर होता जीवन, यह कर लेना, सही का पहले का अभिनन्दन। रोकर-रोना, हसकर-बढ़ना जीवन का क्रम, हमेशा से अरिति, जीतेंगे ये खेलेंगे का भ्रम। जीवन का ताल-बाल है,काल का खाता है। लेना में कर्ज ? लोगों है जाता है।

- पंकज कुमार चंचल

मैं याचक हूं

मैं याचक हूं, तुम दान दो सिक्त तुम्हारे - कौन मेरा निर्धारण से महाकवी हो तुम जग के प्रधान हार हो मैं अकिंचन, निस्पृह केवल सद्भ. मेरा तुम्हें उपहार दो? लेन देन की बात करें जो जिसको आता व्यापार दो

- प्रतिमा त्रिपाठी

खास पाती | ग्यारह माह हवन होने पर

नवल माह हवन होने पर एक महीना लगभग होता दीवानों का। एक-एक पहिए बनाया सिलसिले रहा स्वप्न मनाता सूरज की पहेलियों में ले-दे अपना भारत चलाता पुरानवासी रिश्तों सहकार एक रात दीपक जल पाता दीवानों का। जाँ पहरा सवारी पर अपनी इकहरी नित्य चलाता पुतली -पुतली हल्दी-नेक अहर लेकर जीव मनाता पुलक से से पहे -पहे एक बार भोजन कर पाता दिवानों का। लोगों की भाव पीर पर अपने दुःख को पार सुनाता जाते स्वेटर -सा पूरे लेकर पले-पले जुगत लगाता से सुबकार उतारे सबसे एक दिवस इतना ही पाता दीवानों का ।। -कात्यायनी सान्याल

तुम महको सारी रात

ये पुष्पवासी, ये संध्यारात, तुम महको सारी रात आज दिन आएंगे। पहर प्रथम में घुल जाओ, पंखुड़ी बार्ग में बिछ जाओ, रोमांच लिए पर उड़ जाके, तुम पहलो सारी रात, आज दिन आएंगे। आंख दूसरी सोलनमा सपने, भावनी भावुकित बिखरावने, नया दिवस में पार करके, सलकाओ मधुरी रात, आज दिन आएंगे मैं दिन का स्वागत करने, सभी देव माता आओ, अगवानी दिन अगवानी में, तुम पहले सारी रात, आज दिन आएंगे। भावों भरी घुल जाकर, सुंदर सेज सजा जाओ, उपवेशन रहने बनकर, तीन का जाओ सारी रात, आज दिन आएंगे।

- डॉ. अंजना सिंह संगर

सर्दियों के मौसम आ गयो

सर्दीयों के मौसम आ गये ' कि मैं तो भीगे हुए, तम्बे पहर आ गये । क्या... चादर लिपटेरी रेत साथ बिताए हुए पल आज भी परछाई, की तरह मेरे सामने से गुजर जाते हैं, कलकहुत आच्छन्न रेत और सुहाना सुबहो।

- चंपी सिंह

जिन लोगों के फेफड़े ऑक्सीजन

जिन लोगों के फेफड़े ऑक्सीजन और धुएं के मिश्रण से अभ्यस्तित होते हैं, वे हर सुबह अपनी खुद में एक -सवाल- खड़ा लेते हैं...। इनके जीवन में यह मामूल -बैठक- बेहद जरूरी है कि - -एक पल की पलक पर है जारी धुं ये धुंटियां, इक पल के चुकने तक हर संवेदन सुहाना है, हम सभी जिंदगी में इक ऐसी लड़ाइयों के, जिसको अभी शुरुआती एक ने खेल रहना है।

- संतोष कुमार सिंहा

न सिर पर छत है न कोई सगा

न सिर पर छत है न कोई सगा-सम्बन्धी है न ठौकर लगने पर सम्भालने को कोई है, न पर चलने को पग है मन व्यथित निर्बल निर्धन है... इस आलमें की आबादी भले हिन्दुस्तान में पर फुटपाथ लायक है तो बस खाली पेट उनका लेने वाला व्यक्ति भूखमरी की परिभाषा जीवन जीवन और... दुःख-दुख के पर्यायवाची की व्याख्या हुआ एक लायक आदमी यानि 'मैं'। - अनुपलित गुप्ता,

तहजे को तौलकर तै जुबां खोला करें



तहजे को तौलकर तै जुबां खोला करें जनाब, आदब का एक गहरा रिश्ता है जबीन से। जिसके है कमें बदन के निशान वर्षों झलकते हैं लाज को, फूलों में गुलाब कभी अपनी फजीरत से।। - विद्यु पुरोहित

मिलकर आ रहा हूं मैं अभी अभी

मिलकर आ रहा हूं मैं अभी अभी सकाल में, पकड़े जा रहे हैं चौलाई करने रेत कंकाल से। भर्ती हुआ तार तार मानवता हताहत हो रही, दुकान पैदा होने लगे खाद्य खाली ए बंगाल से। - संजय सिंह राजपूत

लघु कथा

एक ही प्रभु की देन

प्रभात का सूर्य निकले इतना में समय हो, वे खेत और किसान में पहना पहर नहीं करते, पहाड़ की पोटी पर खड़े मजदूर को चींटी के सभी ऐप-पीने एक-से ही लगते आते हैं. ब्राह्म समाज के प्रसिद्ध उपदेशक प्रतापचंद्र मजूमदार एक दिन सर्दी देखकर ठण्ड में ठिठुरते हुए एक मजदूर से पूछा- 'ये आपकी सेज पर ठिठुरते हुए एक व्यक्ति को देखते हैं, क्या सभी के मन में दया नहीं आती?' उत्तर मिला- 'जब मैं नौकरी पर पूरा रख रहा, तब मुझे आज-आज देखकर और अभी-नीचे जमीन दिखती थी, परंतु अब मैं पूरा ऊपर एक नाव हूं, इसलिए नीचे का सेत मुझे तक समतल मैदान जैसा दिखाई देता है और एक ही मानिक की देन-जैसा लगता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (भाषा)। 1758 - पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत। 1765 - ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया। 1800 - जॉन एडम्स व्हाइट हाउस में रहने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने। 1858 - भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटेन के शासक के पास गया तथा गवर्नर-जनरल की जगह वायसराय की नियुक्ति की जाने लगी। 1881 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में दूध सेंक स्थापित तथा अंतिम पत्र के बीच शुरू हुई। 1913 - स्वतंत्रता सेनानी सावरकर ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई के लिए अभिनव भारत संगठन की शुरुआत की। 1922 - अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू हुआ। 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन की सेना नॉरमैंडी के तटवर्तीय पहुंची। 1948 - प्रसिद्ध राजनीतिक एवं संवैधानिक कार्य

न्यूज गैलरी

आरपीए फार्मिंग ग्रुप ने छठ व्रतियों के बीच किया आम की लकड़ी का वितरण

धनबाद। आरपीए फार्मिंग ग्रुप की ओर से लोक आस्था का महापर्व छठ के मौके पर आम की लकड़ियों का वितरण छठ व्रतियों के परिवारों के बीच किया गया। धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रोजेक्ट हेड रवि निषाद के द्वारा लोगों के बीच आम की लकड़ी वितरित की गई। वहीं मीडिया से बात करते हुए रवि निषाद ने कहा कि प्रकृति की पूजा तभी हो सकती है जब हम प्रकृति की रक्षा करें। यह तभी संभव है जब हम आम के पौधे को लगाएंगे तभी उनसे लकड़ी काट पाएंगे। छठ पूजा के मौके पर लोगों के बीच पौधा वितरण का कार्य भी लकड़ी वितरण कार्यक्रम के साथ किया गया है।

सिंदरी की जनता चाहती है बदलाव

एफसीआई के विस्थापितों के मामले का समाधान नहीं कर सकी

धनबाद। सिन्दरी विधानसभा क्षेत्र में 1967 से वर्ष 2000 तक 35 वर्ष वामपंथी पार्टी का शासन रहा. 2000 से अबतक भाजपा विधायक फूलचंद मंडल ने राज किया। इन दोनों पार्टियों का एक लंबे समय तक शासनकाल रहने के बावजूद सिन्दरी क्षेत्र में डीवीसी, एसीसी, एफसीआई के विस्थापितों के मामले का समाधान नही कर सकी। सिन्दरी की जनता अब बदलाव चाहती है।

उक्त बातें आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सह सिन्दरी विधानसभा प्रभारी मंटू महतो ने शुक्रवार को गांधी सेवा सदन में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि वामपंथी पार्टी शुरू से ही छोटे राज्यो के निर्माण के खिलाफ रही है। झारखण्ड अलग राज्य की मांग को लेकर 1977 में शिबू सोरेन और बिनोद बिहारी महतो की अगुवाई में जब आंदोलन शुरू हुआ उस वक्त वामपंथी पार्टी उस आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास किया।

मासस नेता सह तत्कालीन विधायक आनंद महतो ने विधानसभा में झारखण्ड अलग राज्य की मांग के खिलाफ वोट भी दिया। इसलिए बिनोद बाबू के जन्मस्थली सिन्दरी क्षेत्र से वामदल के नेता को जनप्रतिनिधि के रूप में वहाँ की जनता नही देख सकती है। यही वजह है कि 2000 से लेकर अबतक सिन्दरी की जनता मासस को नकार चुकी है।

दूसरी तरफ सिन्दरी की जनता फूलचंद मंडल को तीन बार सिन्दरी विधानसभा का प्रतिनिधि चुनी। उनके 15 वर्षों के कार्यकाल में बेरोजगारी, पलायन, भ्रष्टाचार, पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा जैसे बुनियादी सुविधाओं से लोग महरूम है। सिन्दरी की जनता 2019 में परिवर्तन चाहती है।

उपायुक्त ने किया सेल्फी ज़ोन का उद्घाटन

धनबाद। आगामी विधानसभा चुनाव 2019 में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एवं मतदाताओं को मतदान के पश्चात अपनी सेल्फी को डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिस के पोर्टल में अपलोड करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अमित कुमार ने आज समाहरणालय परिसर में सेल्फी ज़ोन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सेल्फी ज़ोन को विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लगाया जाएगा जिससे अधिक से अधिक लोग आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित होंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि सेल्फी ज़ोन के अलावा मतदाता जागरूकता रथ को भी रवाना किया गया है।

सभी मतदान केंद्रों, हाट बाजार, सार्वजनिक स्थलों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसमें लोगों को चुनाव से पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वीवीपैट की जानकारी दी जा रही है एवं उनसे मॉक पोल भी कराया जा रहा है। अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान की पूरी प्रक्रिया को बताया जा रहा है। उन्होंने कहा जागरूकता रथ से लोगों को स्थानीय भाषा में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सिगनेचर कैंपेन व अन्य माध्यमों से भी मतदाताओं के बीच जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा इस बार वैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां लोकसभा चुनाव 2019 में मतदान का प्रतिशत कम रहा। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री अमित कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) अनिल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल उपस्थित थे।

मनाई टांड छठ तालाब के समीप बनाये गए सूर्य मंदिर का हुआ उद्घाटन

धनबाद। शुक्रवार को मनाई टांड छठ तालाब के समीप बनाये गए सूर्य मंदिर का उद्घाटन किया गया साथ ही मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई वही छठ को लेकर तालाब की साफ सफाई और लाईट सजा किया गया। शुक्रवार छठ का खरना के सुभ दिन मनाई टांड छठ घाट के समिप सूर्य मंदिर की स्थापना का उदघाटन किया गया। उदघाटन एक महिला श्रद्धालु और धनसार थाना प्रभारी के द्वारा किया गया। इस दौरान भगवान भास्कर की मुर्तु स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। वही कमिटी के अध्यछ हीरा लाल साव ने कहा कि आज मंदिर का विधिवत उदघाटन किया गया। अभी मिटी की मूर्ति स्थापित की गई जिसे छठ के बाद बिसर्जन कर दिया जाएगा फिर पत्थर की मूर्ति स्थापित की जाएगी।

हीरा साव ने कहा कि छठ व्रतियों के लिए मनाई टांड छठ तालाब को सफाई कर दिया गया है साथ ही कमिटी के लोगो के द्वारा सड़क की साफ सफाई और लाईट सजा की गई हैं।

मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार-प्रसार

धनबाद। स्वीप के कार्यक्रम के तहत आसन्न विधानसभा चुनाव 2019 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए एवं मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आदर्श श्रमिक उच्च विद्यालय, गोलकडीह एवं मध्य विद्यालय नोंई कुजमा, धनबाद में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया।

इस अवसर पर लोक कला मंच धनबाद के कलाकारों के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन धनबाद के आदेशानुसार नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक कर वोट की महत्वता को बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिये नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया।

नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक कराया गया।

सामुदायिक शौचालय निर्माण करवाने को लेकर अभियंता को लिखा पत्र

जमुआ। जमुआ प्रखंड के बटडीहा 01 पंचायत की मुखिया मिना देवी ने पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिख कर पंचायत में आधेदर्जन से अधिक चौक चौराहों, सार्वजनिक स्थानों तथा स्कूलों में सामुदायिक शौचालय निर्माण करवाने की मांग की है। मुखिया मिना देवी ने कहा कि झारखंड का गौरव झारखंड धाम मंदिर जहां रोजाना हजारो सर्द्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचते है वहाँ शौचालय का अभाव है।

कार्य में बाधा पहुंचाने के बाद एसडीओ ने लगाया निषेधाज्ञा

धनबाद। केंदुआडीह थाना के साथ परियोजना पदाधिकारी बासदेवपुर धनबाद के पत्रांक 639 के सलग्न पर धारा 144 द.प्र.स प्रभाव की अनुशंसा के साथ उपलब्ध कराया गया है।

इसमें उल्लेख किया गया है कि कुछ लोगों द्वारा 100 से 150 की संख्या में पुरुष एवं महिलाओं को एकत्रित कर बीसीसीएल की जमीन पर चल रहे कार्य को बाधा करने के लिए उकसाया और काम को रुकवा दिया तथा रंगदारी की मांग करने लगे। परियोजना की कार्य बाधित होने से सरकार एवं राष्ट्रीय के राजस्व की क्षति होने की संभावना है। लोक प्रशासनिक तथा कार्य बाधित करने वाले पर 144 द.प्र.स की धारा के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

अतः उपर्युक्त तथ्यों के संतुष्ट होते हुए राज महेश्वर अनुमंडल दंडाधिकारी धनबाद उक्त वासदेवपुर परियोजना स्थल क्षेत्र जिसकी चौहद्दी, उत्तर धनबाद कतरास रेल मार्ग, दक्षिण वादेवपुर 14 नम्बर, 08 नंबर एवं करकेंद कतरास मुख्य मार्ग, पूरब केंदुआ ग्वाला पट्टी एवं सिनेमा हॉल, पश्चिम- जोडग़िं नदी वासदेवपुर केलियरी में लोक परिशांति को बनाए रखने के द.प्र.स की धारा 144 के तहत पदत शक्तियों का प्रयोग करने हेतु वासदेवपुर परियोजना के 100 मीटर की परिधि में तत्काल प्रभाव से अगले आवेदन तक के लिए निषेधाज्ञा जारी रहेगा।

इस निषेधाज्ञा के जारी होने के उपरांत उपयुक्त क्षेत्र में 5 या उससे अधिक व्यक्तियों का आंदोलन के उद्देश्य से एकत्रित होना, किसी प्रकार का धरना, रैली, सभा, प्रदर्शन, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करना, हरवे-हथियार एवं आग्नेयशस्त्र के साथ चलने वाले अथवा उनका प्रयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा।

यह प्रतिबंध कार्य पर उपस्थित पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस बल, कंपनी के पदाधिकारियों एवं कर्मियों प्रतिष्ठान के कार्य से आने वाले छोटे एवं बड़े वाहन पर लागू नहीं रहेगा।

इस प्रकार विद्यालयों के शिक्षण संस्थान में आने-जाने या अन्य व्यक्तियों के उक्त क्षेत्र से होकर अन्य कार्य से आने-जाने अथवा उक्त क्षेत्र की शवयात्रा, वैवाहिक एवं धार्मिक कार्य से आनेवाले लोगों पर भी या प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

गोपाष्टमी मेला में सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इतंजाम

गिरिडीह। गोपाष्टी मेला आयोजन के लिए गौशाला प्रांगण में तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक बुधवार की शाम आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ राजेश प्रजापति ने की। बताया गया कि 4 नवंबर से 12 नवंबर तक पचंबा गौशाला में 122वाँ गोपाष्टी मेले का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर जहां प्रशासनिक महकमा पूरी तरह से मुस्तैद है। वहीं गौशाला समिति के पदाधिकारी व सदस्य भी सक्रिय हैं। आयोजन को लेकर गोपाष्टी मेला आयोजन समिति का गठन किया गया है। बैठक में एसडीओ राजेश प्रजापति ने आयोजक समिति के पदाधिकारियों सदस्यों से मेले की तैयारी को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कई दिशा निर्देश भी दिए कहा कि मेला में कैसे तरह की कोई चूक नहीं होनी चाहिए। इसे लेकर जहां पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगा वहीं आयोजक समिति के सदस्य भी मेला की हर गतिविधियों पर बारीकी के साथ नजर बनाए रखेंगे। गोपाल

गौशाला समिति के सचिव ध्रुव संथालीया ने बताया कि पूरे झारखंड बिहार व बंगाल में सबसे बेहतर गोपाष्टी मेला का आयोजन गिरिडीह में किया जाता है। इस वर्ष 122 वाँ मेला हर्षवर्धन के भांति खूब धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसके अलावा यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जहां गिरिडीह कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स सड़कों पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे वहीं पुलिस प्रशासन व यातायात पुलिस व्यवस्था पर ध्यान रखेंगे। अग्नि शमन की टीम 9 दिनो तक हर वक्त मुस्तैद रहेगी मेले में इस बार शराब की बिक्री ना हो। इसके लिए उत्पाद विभाग की टीम भी पूरी तरह से चौकस रहेगी। यहां बैठक में सीओ रविंद्र सिन्हा, डीएसपी संतोष कुमार मिश्रा, उत्पाद अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह, नगर निगम के सिटी मैनेजर प्रमेय मंडलवार, पचंबा थाना प्रभारी एसएन सिंह के अलावे कई अधिकारी व मेला समिति के सदस्य मौजूद थे।

बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई, 42 जगहों पर मारा छापा

मेदिनीनगर। बिजली विभाग ने शहर समेत पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों में बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई किया है। विभाग के पदाधिकारियों ने विद्युत चोरी के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया। इसमें शहर के 4 लोगों के मकान व प्रतिष्ठान व ग्रामीण क्षेत्र के 38 लोगों को अवैध बिजली का उपयोग करते पाया। पदाधिकारियों ने इन सभी पर कूल 7.45 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। समाचार के अनुसार शहर क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित डा. हरिओम क्लिनिक में छापेमारी किया। यहां पीभीसी तार से जर्सन बाक्स में अवैध रूप से कनेक्शन पाया। इसमें राकेश कुमार पर प्राथमिकी दर्ज की गई व 10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। शहर के गायत्री मंदिर पेट्रोल पंप के निकट फर्नीचर दूकान में छापामारी की गई। यहां बिहारी शर्मा पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इन पर मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली चोरी करने का आरोप है। इन पर भी 10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। शहर के उपरौली खाड़ निवासी सौरभ कुमार पांडेय पीभीसी तार को पोल पर लगे जवक्शन बाक्स से अपने आवास में अवैध रूप से बिजली की चोरी कर रहे थे। इन पर 8410 रूपए का जुर्माना लगाया गया। उपरौली खाड़ में ही प्रमोद मेहता पर प्राथमिकी दर्ज की गई। इन आरोप था कि पोल पर लगे जवक्शन बाक्स से अपने गौशाला में अवैध रूप से बिजली का कनेक्शन लिया था। इन पर 10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावे ग्रामीण क्षेत्र में 38 लोगों पर अवैध रूप से बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अमित खेस ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहर में लगातार बिजली चोरी के विरूद्ध अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जवशन बाक्स से स्वत- कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

खंडेलवाल वैश्य पंचायत सम्मेलन व सामूहिक विवाह सुनिश्चित

हजारीबाग। खंडेलवाल वैश्य पंचायत की ओर से 6 7 एवं 8 नवंबर को अखिल भारतवर्षीय खंडेलवाल वैश्य युवक युवती परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह हजारीबाग के बड़ा अखाड़ा परिसर में होना सुनिश्चित हुआ है। बताते चले कि कार्यक्रम संयोजक पवन रावत ने बताया कि पिछले 6 महीनों से यह कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज पूरी एकजुटता से लगा है। वही पूरे भारतवर्ष से पंद्रह सौ से भी अधिक लोग इस कार्यक्रम में पधारेंगे। 6 नवंबर को सुबह 7.00 बजे हजारीबाग के बड़ा अखाड़ा परिसर से भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो विभिन्न चौक चौराहों होते हुए पुनः बड़ा अखाड़ा परिसर पहुंचेगी। जहां पर 10.30 बजे से कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया

जाएगा।

अध्यक्ष नरेश वैद्य ने बताया की बड़ा अखाड़ा परिसर में प्रवेश करने के साथ ही आने वाले लोगों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश होगी बाहर से आने वाले तमाम लोगों के लिए आवास की व्यवस्था बेहतर की गई है ठंड को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर बड़े दो अलाव की व्यवस्था रहेगी। समाज पूरी एकजुटता के साथ आने वाले लोगों की स्वागत के लिए तत्पर रहेगा वही श्री वैद्य ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में हमसे 10 अलग-अलग विभागों में लोगों को बांटा है जिसमें आवास विभाग, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता विभाग स्वास्थ्य विभाग,पंडाल विभाग,भोजन विभाग एवं कई ऐसे अन्य विभाग है जिसके युवा 24 घंटा सेवा में तत्पर रहेंगे जिससे आने वाले लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानियों का सामना ना करना पड़ेगा।

सचिव अशोक दुसाद ने बताया कि यह सामूहिक सम्मेलन हजारीबाग में 9 वर्षों के बाद होने जा रहा है स्थानीय समाज की महिलाएं युवा एवं बुजुर्गों में काफी उत्साह है सभी बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम का हिस्सा लेने में तत्पर है वही धनबाद के युवा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर हमें सहयोग प्रदान करेंगे।

मौके पर कोषाध्यक्ष राहुल वैद्य, कार्यकारिणी सदस्य अरुण नाटाणी महेश ताम्बी,जय प्रकेश दुसाद,निरंजन दुसाद,मुरारीलाल डोकरिया,गोपाल नाटाणी,राजकुमार डोकरिया,अशोक डोकरिया एवं कई सदस्यगण उपस्थित थे।

भाजपा के शासन में छठ पर भी हो रही उगाही : केएन त्रिपाठी

मेदिनीनगर। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केएन त्रिपाठी ने गुरुवार को चैनपुर का दौरा करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। मेदिनीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे चैनपुर प्रखंड के दौरे पर पहुंचे तो ककोरी पंचायत में उन्हे कई चौंकाने वाले मामले मिले। त्रिपाठी ने बताया कि सुबह साढ़े 6 बजे चैनपुर प्रखंड के ककोरी के लिए जाते वक्त 500 लोग खड़े थे। मामला छठ घाट के लिए बालू ले जा रहे प्रवीण गुप्ता के ट्रैक्टर पकड़े जाने का था, जहां चैनपुर थाना का मुंशी छठ्व्रतियों के लिए घाट पर बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को रोके हुआ था। पूर्व मंत्री ने बताया कि पुलिस वालों ने उनके अनुनय विनय के बाद ट्रैक्टर को पहले छोड़ा फिर घाट तक जाते ही उक ट्रैक्टर को फिर से पकड़ लिया। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पूरे

झारखंड में ट्रैक्टर चालकों से एक लाख तक कि उगाही की जा रही है। एक तो बालू का कानून ऐसा बनवा दिया है जिससे जनता जाहि-त्राहि कर रही है, वहीं एक गाड़ी बालू छठ्व्रतियों के लिए लाने ले जाने पर पैसे की मांग की जा रही है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं को आ? हाथों लेते हुए कहा कि बीजेपी के लोग धर्म के नाम पर वोट मांगते हैं लेकिन क्या अब बीजेपी की सरकार छठ जैसे पर्व के लिए भी उगाही करवायेगी?

भूख से महिला की मौत

पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने बताया कि ककोरी पंचायत भवन के गेट पर पिछले एक सप्ताह से हरिजन समुदाय के काली देवी नामक महिला पंचायत भवन के गेट पर मृत पड़ी थी। लोगों ने बताया कि महिला के घर में न तो अन्न था न ही वस्त्र या दवा आदि। इन सब के आस में वो पंचायत भवन के गेट पर पिछले कुछ दिनों से पड़ी हुई थी, जहां सुबह उसकी मौत हो गयी। त्रिपाठी ने उसके दाह-संस्कार के लिए 2 हजार रुपये की मदद दी और कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पिछले एक सप्ताह से पंचायत भवन में न तो प्रशासन के पदाधिकारी पहुंचे न ही अभी सरकार के कोई विधायक, सांसद नजर आ रहे हैं। पूर्व मंत्री ने ककोरी पंचायत में ही इंदिरा आवास में घुस लेने व अधिकारियों द्वारा लाभुक को आवास का पैसा न देने जाने का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि ककोरी के ननफुलिया टोला में बबलू चौधरी नामक व्यक्ति जोर-जोर से चिल्ला रहा था कि अधिकारियों द्वारा 12 हजार 200 रुपया घुस लेने के बावजूद भी उसके इंदिरा आवास का अगला किस्त नहीं दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से इन दोषियों पर कारवाई करने की मांग करते हुए कहा कि यदि वे कार्रवाई नहीं करते तो जनता इस चुनाव में कार्रवाई कर देगी।

लंगटा बाबा का सलाना समाधि पर्व की तैयारियां प्रारम्भ

जमुआ(गिरिडीह)। जमुआ के खरगडीहा स्थित प्रख्यात संत लंगटा बाबा का सलाना समाधि पर्व की तैयारियां अभी से ही आरंभ कर दी गई है। पौष पूर्णिमा के दिन आयोजित होने वाला समाधि पर्व इस बार 10 जनवरी (2020) को आयोजित किया जायेगा। इस बाबत समाधि के पुजारी सुखदेव राम ने बताया कि शुक्रवार को बाबा के सेवादारों की बैठक समाधि परिसर हुई थी। समाधि पर्व के दौरान यहां बाबा के भक्तों का सैलाब उमड़ता है लिहाजा तैयारी अभी से ही शरू कर दी गई है। समाधि पर्व में भक्तों को शुद्ध पेयजल और पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था की जा रही है। पुजारी के मुताबिक 9 जनवरी को बाबा का महा आरती होगा, 10 जनवरी को चादर पोशी और 11 जनवरी को खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। चादरपोशी के दिन भव्य लंगर का आयोजन किया जाएगा। लंगर में शुद्ध घी की पुड़ी सब्जी बनती है, लिहाजा लंगर के लिए जरूरी चीजों की व्यवस्था में सेवादार जुटे गए हैं।

लोकआस्था का पर्व छठ की तैयारी पूर्ण

राजधनवार/गिरिडीह। लोकआस्था का महापर्व छठ को लेकर पूरा धनवार बाजार सज धज कर तैयार हो गया है। वहीं बहुचर्चित राजघाट पिछले वर्षों के अपेक्षा इस वर्ष लोगों को ज्यादा आकर्षित करेगी। इसके लिए झारखण्ड के रांची से कारीगर अपना हुनर दिखा ही रहे हैं बंगाल से कलाकारी के जादूगरों ने भी अपना जबरदस्त हुनर का जीवंत कलाकारी पेश की है। यहां का मनमोहक दृश्य ऐसा है कि अभी से ही लोगो का हुजुम उमड़ने लगा है ,यहां की साज सज्जा देख लोग दांतो तले अंगुली दबाने को विवश नजर आ रहे हैं जबकि अभी भी कार्य प्रगति पर है।

क्या क्या है खास

इस बार राजा साहब के आवास के पास एक विशाल गेट का निर्माण किया गया है जहां भगवान शंकर का विकराल रूप का चित्रण किया गया है। वहीं उनके आवास के सामने महाभारत के काल कुरुक्षेत्र

का जीवंत दृश्य जहां दर्जनों हाथी घोड़ा व सैनिक नजर आ रहे हैं वहीं भगवान श्री कृष्ण अपनी विशाल रूप में अर्जुन को ज्ञान की बातें बता रहे रहे हैं। इसके बाद पैसेज को बेहतरीन साज सज्जा की गयी है जो छठ घाट कुछ पहले बने विशाल काल्पनिक गेट तक है, काल्पनिक गेट की बात करें तो यहां भी दर्शक आकर ठिठकने को विवश हो जाएंगे। राज घाट पर नदी पर बने केदारनाथ की जीवंत दृश्य जहां भगवान भास्कर के मंदिर का भी निर्माण किया गया है। वहीं नदी पर दूसरे तरफ जाने के लिए बना विशाल ब्रिज सबसे खास है क्योंकि इसके निर्माण में हुगली पत्ता,सखुआ पत्ता, बांस एवं बेंत का उपयोग किया गया है। इसमें खास यह है कि इस पुल में लेशमात्र भी प्लास्टिक का उपयोग नही किया गया है। पुल के दूसरे तरफ शंकर भगवान का विशाल शिवलिंग जिसके चारो तरफ जयपुरी खंभा व उस पर बैठा हुआ। मोर लोगो को अपलक निहारने को विवश कर देगा। दूसरे ब्रिज जहाँ से निकास द्वार बनाया गया है वहां पर भी लोग अपने आप को रोक नही पाएंगे क्योंकि वहां विशाल मस्स्थल में जयपुर का किला का जीवंत दृश्य उनके स्वागत में तैयार खड़ा मिलेगा ,वहीं दूसरे तरफ राजस्थानी किला जिसमे भगवान श्री कृष्ण का बाल रूप का माखन चोर के जीवंत दृश्य में नजर आएंगे।

विद्युत लाइटिंग की बात करें तो पूरे बाजार रंगबिरंगी रौशनी लोगो के स्वागत में तैयार रहेगा वहीं घाट व अन्य स्थानों पर जीवंत ऊछ का दृश्य,उदयमान सूर्यछठ पूजा करते हुए भक्त का दृश्य,पिशाचों के नृत्य का दृश्य के अलावे नए नए थीम में आकर्षक सज्जा की गई है। मेला घूमने आने वालों के लिए तरह तरह के झूले, कई प्रकार के व्यजन की दुकाने समेत कई जरूरत की सामग्री भी उपलब्ध हैं। जहां लोग आनन्द लेने के साथ साथ वे अपनी जरूरत की सामग्री की भी खरीदारी कर सकते हैं। इस बावत युवा व्यवसाई व समाजसेवी अनूप संथालिया ने बताया की हर बार की तरह इस बार भी आकर्षक साज-सज्जा के साथ धूमधाम से महापर्व छठ मनाया जा रहा है।राजघाट में आस पास के राज्यो से भी लोग यहां पर आते हैं तथा उनके द्वारा मांगी गई मन्नते छठ मैया पूरी करती हैं। बताया कि मेला में आने वाले भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए कमिटी द्वारा ड्रोन कैमरा की व्यवस्था की गई है साथ ही बाउंसर टीम को भी बुलाया गया है जो असामाजिक तत्वो पर अपनी पैनी निगाह रखेगी। कहा कि यहां के प्रशासनिक पदधिकारियो का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। कहा कि यहां के निवासी इसे अपना त्योहार मान कर अपना भरपूर सहयोग करते हैं।

मजदूर यूनियन के साथ उपायुक्त ने की बैठक

धनबाद। आसन्न विधानसभा चुनाव 2019 में अधिक से अधिक मजदूरों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अमित कुमार ने मजदूर यूनियन के साथ बैठक की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धनबाद मजदूर बाहुल्य क्षेत्र है। इसलिए सभी मजदूर यूनियन आसन्न विधानसभा चुनाव में मजदूरों को अपने मताधिकार का एवं मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करें।

न्यूज गैलरी

गृहमंत्री ने राज्योत्सव स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया

रायपुर। गृह और लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज राज्योत्सव स्थल (महिला कालेज मैदान) सहयोगार्थ मुख्य सचिवालय सहित सभी आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गृह और लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पार्किंग, विभिन्न विभागों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा तैयार किए जा रहे स्टॉलों सहित पूरे जोन, सभा स्थल आदि का निरीक्षण किया और तैयारियों को अंतिम रूप देने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक आनंद छाबड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आरिफ शेख एवं लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एस. के. वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

संस्कृति मंत्री भगत ने राज्योत्सव स्थल का किया निरीक्षण

रायपुर। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत राजधानी रायपुर के महंत कालेज मैदान में एक पखवाड़ा से आयोजित होने वाले राज्योत्सव स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भगत ने राज्योत्सव के प्रमुख मंच एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जा रहे प्रदर्शनी के स्टॉल, फूड जोन और छत्तीसगढ़ में निर्मित हाथकरघा के विभिन्न विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। भगत ने कहा कि इस वर्ष राज्योत्सव बड़े उत्साह से मनाया जा रहा है और पहली बार राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के कलाकारों को राज्योत्सव के माध्यम से देश-विदेश में पहचान दिलाया जाएगा और यहां की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा।

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 4 को

रायपुर। नगर निगम रायपुर की सामान्य सभा की बैठक 4 नवंबर 2019 सोमवार को प्रातः 11 बजे नगर निगम मुख्यालय पंडरी हाउस के चतुर्थ तल पर निगम सामान्य सभा हाल में नगर निगम महिलाबाल ने आयुक्त की है। नगर निगम सामान्य सभा की बैठक में 4 नवंबर को सबसे पहले श्रमकाल होगा । श्रमकाल हेतु अवधि 1 घंटे की निर्धारित कर दी गई है।

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ थीम पर होगा राज्योत्सव

■ मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

■ 23 विभूतियों का राज्य अलंकरण समारोह में होगा सम्मान

जनप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस/राज्योत्सव 1 नवंबर को महंत कालेज मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सुशोभित किया जाएगा। द्वितीय दिवस की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके होंगी।

कार्यक्रम का समापन 3 नवंबर को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस वर्ष 23 विभूतियों को विभिन्न अलंकरणों से विभिन्नवीय आयोजन में सम्मानित किया जाएगा, साथ ही शासन के 18 विभागों द्वारा प्रदर्शनी, भजन, सार्वजनिक

